SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)
की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
Vivekanand Colony, Hadditoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884
7507716433, 8624920084

बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 16 जून 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 139 | मूल्य - 5 रुपये

7 Years
SAHAYOG HOSPITAL
निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर
6 मार्च - 30 जून 2026
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07



Scooter बोले तो
ACTIVA
110CC & 125CC

एक्स-शोरुम (मध्यप्रदेश)
~~₹76946*~~
₹74800/-
से शुरु

मेधावी छात्रों की पहली पसंद
इंडिया का नंबर 1 स्कूटर
मुख्यमंत्री स्कूटी प्रदाय योजना का लाभ ले.

सीधा
₹2100/-*
कैश डिस्काउंट



ऑफर मात्र
30 जून
तक मान्य

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000/-* | न्यूनतम ब्याज दर @6.99%* | लोन 100%* तक | बिना हाइपोथिकेशन* | 3+7* 10 साल की वारंटी उपलब्ध

सिर्फ आधार कार्ड लाये और 0 डाउन पेमेंट
पर अपना पसंदीदा होंडा वाहन ले जाईये ...*

ड्रीम्स होंडा गोंदिया रोड, बालाघाट
8349272776, 8349032276

नियम एवं शर्तें लागू*

| बैहर | कटंगी | वारासिवनी | लालबर्रा | किरनापुर | लांजी | बिरसा | चांगोटोला | खैरलांजी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8269793376 | 8109182276 | 9893782276 | 8461905148 | 8085882276 | 8827156863 | 9669526297 | 8959143504 | 8962992776 |

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# दो मंजिला रेस्टो-बार में लगी भीषण आग, जिंदा जलकर 2 लोगों की मौत, 7 घायल..



डेस्क जगप्रेरणा।

***कर्नाटक के मैसूरु में सोमवार को एक रेस्टो-बार में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए।***

यह घटना दत्तागल्ली इलाके में नेताजी सर्कल के पास स्थित दो मंजिला रेस्टो-बार की है। हादसे के वक्त रेस्टो-बार के भीतर कई लोग मौजूद थे।

### फॉक्स डेन रेस्टो-बार में लगी आग..

पुलिस के अनुसार, हादसा 'फॉक्स डेन रेस्टो-बार' में हुआ। घटना के समय अंदर करीब 25 लोग मौजूद थे। अचानक एक जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी और देखते ही देखते पूरा रेस्टो-बार आग की लपटों और काले धुएं से घिर गया। अंदर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इमारत के भीतर धुआं इस कदर भर गया था कि लोगों का दम घुटने लगा। दम घुटने और आग की लपटों से बचने के लिए कुछ लोगों ने पब की ऊपरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से चोटिल हो गए।

शुरुआती जांच में अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की मुख्य वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। रेस्टो-बार के अंदर बने एक सेल्फी स्थष्ठ बूथ में सबसे पहले स्पार्किंग हुई। वहां लगी सजावटी सूखी घास और इंटीरियर के सामान ने तुरंत आग पकड़ ली। कारण आग पल भर में पूरी जगह पर फैल गई।

### हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों की हुई पहचान..

पुलिस के मुताबिक, हादसे में जान गंवाने वाले दोनों मृतकों की पहचान साहिल और प्रकाश के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल एवं आपातकालीन सेवाओं के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पब के अंदर फंसे 7 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें तुरंत इलाज के लिए शहर के सुयोग अस्पताल और अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आग लगने के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

# दाल प्रसंस्करण केंद्र से महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

## नेवरवाही केंद्र में स्व सहायता समूह की पहल





जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम पंचायत नेवरवाही में 15 जून को आजीविका सेवा केंद्र के अंतर्गत स्थापित दाल प्रसंस्करण केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नेवरवाही और आसपास के कई ग्राम संगठनों के पदाधिकारी,***

समूह सदस्य तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक सराफ के निर्देशन और जिला परियोजना प्रबंधक सुश्री श्वेता मेहतो के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

लांजी क्षेत्र से आजीविका मिशन के राजाराम परते ने बताया कि एकीकृत कृषि क्लस्टर के अंतर्गत आजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जैविक कीटनाशक दवाइयों का निर्माण व विक्रय, धान बीज की बिक्री, बर्मी कंपोस्ट तथा गुड़ की खरीदी-विक्री जैसी गतिविधियाँ शुरू कीं, जिससे समूह आर्थिक रूप से सशक्त हुआ। परते ने कहा कि इन मेहनती महिलाओं (दीदियों) की मजबूत इच्छाशक्ति ने उन्हें नए मुकाम तक पहुंचाया है।

कार्यक्रम में लांजी क्षेत्र के विधायक माननीय राजकुमार कराहे ने मिनी दाल मिल, मसाला चक्की व आटा चक्की का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की इच्छानुसार आजीविका समूह की दीदियां लखपति बन रही हैं और उनकी उन्नति देखकर पूरा विश्वास है कि वे भविष्य में करोड़पति भी बनेंगी। उन्होंने समूह की गतिविधियों पर नजर रखने तथा प्रेरणा देने के लिए प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसी पहल को सुनने का आग्रह किया और ग्राम पंचायत भवन में टेलीविजन रखने की भी चर्चा की।

सरपंच नेवरवाही झामेद्र टिकेश्वर ने कहा कि आजीविका मिशन ने गांव की महिलाओं को नई राह दी है। पहले वे केवल घर और खेत के काम तक सीमित थीं, लेकिन अब स्वयं बैंक जाकर लेन-देन कर रही हैं और समूह के माध्यम से खरीद-फ़रोख्त कर आर्थिक निर्णय ले रही हैं। उन्होंने बताया कि नई गतिविधियों के तहत समूह मिलकर खरीद-बिक्री करेगा और दाल तैयार कर बाजार में बेचेगा। स्थानीय महिला हसीना वाहने ने बताया कि वह दाल, चना व गुड़ खरीदकर बेचती हैं तथा जैविक दवाइयां, केचुआ खाद और एजोला का भी उत्पादन करती हैं।

दाल प्रसंस्करण केंद्र से करीब 12 दीदियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। कार्यक्रम में आलोक चौरसिया, देवेश एडे, संदीप अग्रवाल, गौरव बैस, सूरज गुप्ता, ग्राम पंचायत सचिव ऋषि मस्करे, ग्राम नोडल सुनीता चन्ने, विषय नोडल अतीत फूलमारी, सीएलएफ की पूर्व अध्यक्ष ममता दांदरे, वर्तमान अध्यक्ष कविता कोसरे, सचिव अख़तरी शेख, मैनेजर रविता साबले, लेखापाल कविता कचलाहे, कंप्यूटर ऑपरेटर निशा उईके, सहयोगी मनीषा बागड़े, बैंक सखी रूप लता कचलाहे, विकास आजीविका ग्राम संगठन से मीना चचाने, इंडिया आजीविका ग्राम संगठन से राजवंती देवाहे सहित समस्त ग्राम संगठनों के पदाधिकारी, समूह सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पत्नी से संबंध के शक में पति ने दोस्त को अगवा किया, हत्या के बाद शव को जमीन में दफनाया, 21 दिनों बाद मिली गली हुई लाश..



डेस्क जगप्रेरणा।

***बालासोरः ओडिशा के बालासोर जिले से एक बेहद सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंध होने के शक में अपने ही दोस्त की हत्या कर दी।***

हत्या के बाद आरोपी ने शव को जमीन में दफना दिया ताकि किसी को इस वारदात की भनक न लग सके। हालांकि पुलिस जांच में पूरा मामला सामने आ गया और लगभग 21 दिनों बाद जमीन खोदकर शव बरामद किया गया।

यह घटना बालासोर जिले के नीलगिरि ब्लॉक के जामुना गांव की है। मृतक की पहचान जामुना गांव निवासी बीरेन्द्र बेहरा के रूप में हुई है।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के मुताबिक, बीरेन्द्र बेहरा के अचानक लापता होने के बाद उनकी पत्नी सावित्री बेहरा ने 31 मई को पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि बीरेन्द्र के दोस्त बिरेन मढ़ेई ने उन्हें बुलाकर कहीं ले गया था, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा था। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

बताया जा रहा है कि बीरेन्द्र बेहरा और बिरेन मढ़ेई के बीच काफी गहरी दोस्ती थी। दोनों एक-दूसरे के करीबी मित्र माने जाते थे। लेकिन इसी बीच बिरेन मढ़ेई की पत्नी और बीरेन्द्र बेहरा के बीच कथित अवैध संबंध होने की बात सामने आई। इस मामले को लेकर गांव में पहले भी विवाद हुआ था। मामला इतना बढ़ गया था कि गांव में पंचायत बैठानी पड़ी थी। पंचायत में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी कराया गया था और विवाद को समाप्त करने की कोशिश की गई थी। हालांकि आरोप है कि समझौते के बाद भी बिरेन मढ़ेई के मन में नाराजगी बनी रही। वह कई बार बीरेन्द्र को जान से मारने की धमकी भी देता था।

बताया जा रहा है कि बीते 25 मई को एक फोन कॉल के जरिए बीरेन्द्र बेहरा को डंपर चलाने के काम के लिए कसीपदा बुलाया गया था। काम मिलने की उम्मीद में बीरेन्द्र घर से निकल पड़े। लेकिन रास्ते में जामुना चौक के पास उनका कथित रूप से अपहरण कर लिया गया। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला।

जब बीरेन्द्र घर वापस नहीं लौटे तो परिवार वालों की चिंता बढ़ गई। बाद में उनके भाई ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और उनकी तलाश शुरू की गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस को बिरेन मढ़ेई पर शक हुआ। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। लगातार पूछताछ के बाद आरोपी टूट गया और उसने पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

### जांच में क्या सामने आया?

जांच में सामने आया कि बिरेन मढ़ेई बीरेन्द्र को अपने ससुराल के पास ले गया था। वहां उसने उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को छिपाने के लिए जमीन में गड्ढा खोदकर दफ्ना दिया गया। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, हत्या के बाद शव को मयूरभंज जिले के उदला क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर ले जाकर जमीन में दबाया गया था ताकि किसी को इस अपराध की जानकारी न मिल सके। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मजिस्ट्रेट और बरमपुर पुलिस की मौजूदगी में जमीन की खुदाई कराई गई। खुदाई के दौरान बीरेन्द्र बेहरा का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। शव की हालत काफी खराब हो चुकी थी क्योंकि उसे कई दिनों पहले जमीन में दफ्ना दिया गया था।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच तेज कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हत्या की साजिश कैसे रची गई, इसमें और कौन-कौन लोग शामिल थे और अपहरण से लेकर शव को दफनाने तक की पूरी घटना किस प्रकार अंजाम दी गई।

फिलहाल इस हत्याकांड ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। दोस्ती, कथित अवैध संबंध, अपहरण और हत्या की इस वारदात ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस मामले के हर पहलू की गहन जांच कर रही है।

# बिजनौर में छह महीने बाद ससुराल लौटी पत्नी की लाइसेंसी बंदूक से हत्या, पति गिरफ्तार

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बिजनौर जिले के थाना मंडावली क्षेत्र के गांव मुस्सेपुर में सोमवार अपराह्न करीब तीन बजे एक व्यक्ति ने विवाद के बाद अपनी पत्नी की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान मीनू (45) के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि आरोपी पुष्पेंद्र ने अपनी पत्नी मीनू की पीठ में गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।***

उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। पुलिस ने आरोपी पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल लाइसेंसी बंदूक बरामद कर ली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। मीनू नवंबर से पति से अलग हरिद्वार में रहकर नौकरी कर रही थी। वह रविवार को ही ससुराल लौटी थी। सोमवार को दोनों के बीच फिर विवाद हुआ, जिसके बाद पुष्पेंद्र ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, मीनू पुष्पेंद्र की दूसरी पत्नी थी। पुष्पेंद्र की पहली पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। मामले की जांच जारी है।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

# नालंदा में चोरी के शक में दो लोगों की पीट-पीटकर हत्या, एसआईटी गठित..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बिहार के नालंदा जिले में सोमवार को चोरी के शक में ग्रामीणों द्वारा दो लोगों की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।***

अधिकारियों के मुताबिक यह घटना जिले के राजगीर थाना क्षेत्र के झुनकिया बाबा मंदिर के पास तड़के हुई। नालंदा पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार, राजगीर थाना पुलिस को तड़के करीब 3:30 बजे सूचना मिली कि ग्रामीणों ने दो व्यक्तियों को कथित तौर पर चोरी करते हुए पकड़ लिया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल राजगीर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच के लिए राजगीर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले में विस्तृत कार्रवाई जारी है।

# हत्या के आरोप में पूर्व सैनिक की पत्नी समेत नौ लोग गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पूर्व सैनिक संदीप कलगौड़ा मंजरगी (46) की हत्या के मामले में उनकी पत्नी समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस का आरोप है कि करीब दो करोड़ रुपये के बीमा दावे की रकम हासिल करने के लिए साजिश के तहत हत्या को अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार, संदीप बेलगावी जिले के हुक्केरी तालुक के घोडागेरी गांव के निवासी थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में संदीप की पत्नी, उसका कथित प्रेमी, कुछ चिकित्साकर्मी और फोरेंसिक प्रयोगशाला के कर्मचारी शामिल हैं। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जांचकर्ताओं के मुताबिक, संदीप के नाम पर ऐसी बीमा पॉलिसी ली गई थीं जिनमें सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर बड़ी राशि मिलने का प्रावधान था। पुलिस ने आरोप लगाया कि संदीप की पत्नी सुमा मंजरगी ने अपने कथित प्रेमी पुंडलिक डोंबार और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बीमा राशि हासिल करने तथा अपने कथित प्रेम संबंध को जारी रखने के लिए पूर्व सैनिक की हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में सुमा मंजरगी, पुंडलिक डोंबार, आरएमपी चिकित्सक बसवराज भस्मे, एफडीए अधिकारी अशोक गुजानल, एफएसएल लिपिक अप्पासाहेब नाइक, प्रयोगशाला सहायक चन्नय्या आदिविश्वामिमथ, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी पीएन नागराज और डोंबार के सहयोगी सचिन सेलार और राहुल जोगी शामिल हैं।

# अग्निवीर वायु सैनिक खेमाराम का पंचोटा गांव में किया गया अंतिम संस्कार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अग्निवीर वायु सैनिक खेमाराम कुमावत का सोमवार शाम डीडवाना-कुचामन जिले के उनके पैतृक गांव पंचोटा में अंतिम संस्कार किया गया। खेमाराम की असम में भारतीय वायुसेना के परिवहन विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।***

कुमावत के छोटे भाई गोविंदराम ने परिवारजनों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और वायुसेना कर्मियों की मौजूदगी में चिता को अग्नि दी। वायुसेना अधिकारियों ने सम्मान स्वरूप खेमाराम के पिता रामदेव कुमावत और अन्य परिजनों को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा।

जब सैनिक का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए उनके घर लाया गया तो माहौल गमगीन हो गया। उनकी मां और बहन अंतिम श्रद्धांजलि देते समय फूट-फूटकर रो पड़ीं। अंतिम संस्कार से पहले पांच किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई।

यह यात्रा नावा के सांभर चौरा से शुरू होकर हेमपुरा रोड होते हुए सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पंचोटा तक पहुंची, जहां पार्थिव शरीर को जनता के दर्शन के लिए रखा गया। खेमाराम उन पांच वायुसेना कर्मियों में शामिल थे, जिनकी 13 जून को असम के जोरहाट जिले में एक परिवहन विमान के नीचे उतरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने पर मौत हो गई थी। इससे पहले, जब पार्थिव शरीर जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचा, तो जयपुर से सांसद मंजू शर्मा सहित कई नेताओं ने सैनिक को पुष्पांजलि अर्पित की।

# दिल्ली: डाबड़ी के अस्पताल में आग लगी, कोई हताहत नहीं..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डाबड़ी इलाके में स्थित एएस अस्पताल में बिजली संबंधी उपकरणों में आग लग जाने के कारण वहां से एक दर्जन से ज्यादा मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, रविवार रात लगभग 10:25 बजे, डाबड़ी-पालम रोड पर स्थित एएस मल्टी किडनी अस्पताल में आग लगने की सूचना मिली।

अधिकारियों ने बताया कि मौके पर दमकल की पांच गाड़ियों को भेजा गया। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा कि रात करीब 10:40 बजे आग पर काबू पा लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि रात 10:27 बजे सागरपुर थाने को आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद लगभग 15 पुलिसकर्मी एवं कैट्स एम्बुलेंस टीम मौके पर पहुंचीं।

पुलिस अधिकारी ने कहा, 'जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तब तक अस्पताल के कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करके आग को पहले ही बुझा दिया था।' प्रारंभिक जांच से पता चला कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। पुलिस के अनुसार, घटना के समय अस्पताल में 15 से अधिक मरीज मौजूद थे। अधिकारी ने कहा, 'अस्पताल प्रशासन ने तुरंत ही सभी मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की।' अस्पताल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते हुए देखे गए। पुलिस ने कहा कि नर्स और डॉक्टर समेत अस्पताल के कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी अग्निशामक यंत्र की सहायता से आग बुझाने में मदद की। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, 'अस्पताल का पिछला दरवाजा बंद होने के कारण मरीज अपनी जान बचाने के लिए भागे। मैं भी मौके पर पहुंचा और अस्पताल के अंदर मौजूद लोगों की मदद की।' उन्होंने कहा, 'अस्पताल का पिछला दरवाज़ा बंद था। मैं अपने घर से एक हथौड़ा लाया, जिसका इस्तेमाल वहां मौजूद एक व्यक्ति ने लोगों को बाहर निकलने के लिए दरवाज़ा तोड़ने में किया।' हाल में राजधानी में आग लगने की दो बड़ी घटनाओं में कई लोगों की जान जाने के मद्देनजर इस घटना को लेकर इलाके में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# बीजाटोला में बाघ के हमले से महिला की मौत के बाद आक्रोशित भीड़ ने हाईवे पर किया चक्काजाम

## बहरई गांव में सिवनी बालाघाट स्टेट हाईवे पर महिला का शव सड़क पर रखकर दिया धरना..

**जगप्रेरणा बरघाट।**

बरघाट क्षेत्र में 4 माह में बाघ के हमले से 5 लोगों की जान चले गई है वन विभाग लोगो को सुरक्षा नहीं दे पा रहा, ना ही आदमखोर बाघ का रेस्क्यू कर दूर जंगल में छोड़ा जा रहा है। सिवनी जिले के बरघाट थाना अंतर्गत बीजाटोला (मऊ) गांव में रविवार को बाघ के हमले से महिला की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार रात साढ़े सात बजे सिवनी बालाघाट हाईवे पर बहरई गांव में मृतक महिला का शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

परिजनों ने वन विभाग से अपनी मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मांग रखी मृतक के परिजन को 25 लाख रुपए मुआवजा और आदमखोर बाघ का तत्काल रेस्क्यू कर दूर जंगल में छोड़ने और मृतक के परिवार के एक सदस्य को वन विभाग में नौकरी देने की मांग की गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार 14 जून 2026 दिन रविवार सुबह बीजाटोला गांव निवासी महिला सेवबती मर्सकोले उम्र लगभग 50 वर्ष खेत में गुल्ली बीनने गई हुई थी। उसी दौरान जंगल से निकला आदमखोर बाघ ने उक्त महिला पर हमला कर उसे मार डाला, उसके बाद खेत से लगभग 1 किमी दूर चंदिया पहाड़ के जंगल में ले जाकर मृत महिला के शरीर के एक पैर खा गया। सूत्रों बताते है कि रविवार सुबह गुल्ली बीनने गई महिला दोपहर तक घर नहीं लौटी तो ग्रामीण महिला को ढूंढने खेत पहुंचे थे। खेत में ताजा खून के धब्बे, और निशान देख शक होने पर ग्रामीण महिला की तलाश करने जंगल की ओर निकले, बाघ के द्वारा महिला को घसीटते हुए जंगल में बने निशान के आधार पर महिला को ढूंढते हुए जंगल के काफी अंदर चले गए, ग्रामीणों को 1 किमी दूर जंगल में महिला का शव पड़ा मिला, बाघ ने महिला का एक पैर खा चुका था। घटना के संबंध में बरघाट पुलिस और वन परिक्षेत्र बहरई के अमले को सूचना दी गई ।



मौके पर पहुंची पुलिस और वन अधिकारियों ने घटना स्थल पर पंचनामा कार्यवाही किया गया मृतक महिला की पहचान सेवबती पति शिवचरण मर्सकोले बीजाटोला (मऊ) उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप पहचान हुई। घटना स्थल पर पहुंचे वन अधिकारी ने मृतक के परिजन को शासन द्वारा 8 लाख रुपए मुआवजा देने की बात कही गई। लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने संभागीय वन प्रबंधक सिवनी से मांग रखते हुए 25 लाख रुपए मुआवजा राशि और मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने और आदमखोर बाघ को तत्काल रेस्क्यू कर दूर जंगल में छोड़ने और गांव के आसपास जंगल में फेंसिंग लगाने की मांग की गई थी। लेकिन ग्रामीणों की सभी मांग ना मानने पर गुस्साए ग्रामीण मृतक महिला का शव लेकर बहरई पहुंचे और रविवार रात 7 बजकर 30 मिनट पर बहरई गांव के वन रेस्ट हाउस के सामने सिवनी बालाघाट स्टेट हाईवे मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। गुस्साए भीड़ ने हाईवे पर मृतक महिला के शव को रखकर अपनी मांगो को लेकर ग्रामीण अड़े रहे, बिगड़ती स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल बुलाया गया, बरघाट एसडीएम संदीप श्रीवास्तव, एसडीओपी ललित गठरे, तहसीलदार पूजा राणा, नायब तहसीलदार डीआर तुरकर, टीआई मोहनीश बैस सहित पुलिस बल और वन अमला भीड़ को समझाइश देता रहा है।

एसडीएम और तहसीलदार की समझाइश के बाद 1 घंटे बाद चक्काजाम खोल दिया गया। 1 घंटे से ज्यादा समय तक लगे जाम में फंसे यात्री परेशान होते रहे, धरना स्थल से दोनों ओर लंबा जाम लगा रहा। वन अधिकारियों ने भीड़ को समझाइश देते हुए मांग पूरी करने की बात कही गई अधिकारी ने कहा कि मृतक के परिजन को दो दिवस के अंदर 8 लाख रूपए मुआवजा राशि दी जाएगी और बाकी राशि 17 लाख रूपए दिलाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा और बाघ का रेस्क्यू कर दूर जंगल में छोड़ने कार्यवाही की भी बात कही जाएगी एवं मृतक महिला के परिवार के एक सदस्य को वन सुरक्षा समिति के माध्यम से सुरक्षा श्रमिक के पद पर रखने की बात कही गई थी, इन मांगों को लेकर

वन अधिकारी तैयार हो गये थे। लेकिन भीड़ ने अधिकारियों की बात ना सुनते हुए चक्काजाम रात 9 बजे तक जारी रखा गया। उसके बाद बरघाट एसडीएम और एसडीओपी ने कड़ा रुख अपनाते हुए भीड़ को हाईवे सड़क से हटाया इस दौरान भीड़ और पुलिस के बीच काफी कहासुनी भी हुई। चक्काजाम हटने के बाद पुलिस ने रविवार रात को ही मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरघाट अस्पताल ले गए सोमवार दोपहर को शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। हाइवे पर काफी देर लंबा जाम लगने से यात्री परेशान होते रहे। बरघाट क्षेत्र में बाघ के हमले की घटना लगातार घटित होने से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। कुछ दिनों पहले इसी इलाके में चमरवाही गांव में एक युवक को बाघ ने मार डाला था, उस वक्त भी बाघ का रेस्क्यू कर दूर जंगल में छोड़ने की मांग ग्रामीणों ने वन अधिकारियों से की थी तब लोगों को वन विभाग द्वारा दिया गया केवल आश्वासन ही मिला था। रविवार रात सिवनी बालाघाट हाइवे पर चक्काजाम की सूचना मिलते ही बरघाट एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, टीआई, वन विकास निगम सिवनी संभागीय प्रबंधक सहित भारी पुलिस बल एवं वन अमला मौके पर रात तक उपस्थित रहा।

# ग्राम पंचायत खैरी में प्रशासनिक व्यवस्था न सचिव का पता, न सरपंच की सुध, ग्रामीण परेशान..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरी में इन दिनों ग्रामीण भारी अव्यवस्था और प्रशासनिक अनदेखी का शिकार हो रहे हैं।*




आलम यह है कि पंचायत में ताला लटका रहता है, जिससे ग्रामीणों के बुनियादी और जरूरी काम पूरी तरह से ठप हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्हें अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए कई दिनों तक पंचायत के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन मौके पर न तो सरपंच मिलते हैं और न ही सचिव का कोई पता रहता है।

### काम काज पूरी तरह ठप, चक्कर काट रहे ग्रामीण..

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खैरी में जिम्मेदार पदाधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण ताला लटकना आम बात हो गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाएं और मजदूरी भुगतान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कृषि कार्य का सीजन होने के बावजूद उन्हें अपने जरूरी दस्तावेजों के सत्यापन के लिए जनपद कार्यालय तक की दौड़ लगानी पड़ रही है।

### जिम्मेदारों की लापरवाही से आक्रोश..

ग्रामीणों का कहना है हम अपनी समस्याओं को लेकर जब भी पंचायत भवन आते हैं, तो वहां ताला लटका मिलता है। सरपंच और सचिव के फोन या तो बंद आते हैं या वे संतोषजनक जवाब नहीं देते। ऐसा लगता है कि पंचायत भगवान भरोसे चल रही है।

इस प्रशासनिक लापरवाही के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और ग्राम पंचायत खैरी में नियमित रूप से ताला खुलने व सरपंच-सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।

### अधिकारियों से कार्रवाई की मांग..

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पंचायत की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो वे जनपद मुख्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि इस गंभीर लापरवाही पर जनपद पंचायत सिवनी के उच्च अधिकारी क्या एक्शन लेते हैं।


व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।


# भाजपा की प्रबुद्धजन संगोष्ठी 17 जून को जिला कार्यालय में

## मंडला सांसद मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे उपस्थित..

**जगप्रगेरणा सिवनी।**

*भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 17 जून 2026 को दोपहर 3:00 बजे जिला भाजपा कार्यालय सिवनी में प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।*

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं बरघाट विधायक कमल मर्सकोले की विशेष उपस्थिति रहेगी।

संगोष्ठी में सांसद-विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, पूर्व सांसद एवं विधायक, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठ जिला संयोजक, नगर पालिका एवं नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद, जनपद पंचायत प्रतिनिधियों सहित विभिन्न मंडलों के प्रबुद्धजन आमंत्रित किए गए हैं।

कार्यक्रम में शिक्षक, व्यापारी, उन्नत कृषक, समाज प्रमुख, समाजसेवी, अधिवक्ता एवं चिकित्सक वर्ग के लोगों की विशेष सहभागिता रहेगी। भाजपा संगठन द्वारा सभी वरिष्ठ एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से भी कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। भाजपा जिला संगठन ने निर्देश जारी करते हुए सभी मंडल अध्यक्षों से अपने-अपने मंडल से अधिक से अधिक प्रबुद्धजनों को साथ लेकर कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना आज कुरई में सुनेंगी आमजन की समस्याएं..

## विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी रहेंगे मौजूद..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

*जिले के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप*

से पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार, 16 जून को कुरई विकासखंड मुख्यालय में विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनेंगी तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगी। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिससे नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

जिला प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन और आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित होकर शासन-प्रशासन से सीधे संवाद का लाभ उठाएं। विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही त्वरित समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासन और जनता के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना है।

# भोज आध्यायन केंद्र की परीक्षाएं 16 जून से

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में संचालित भोज आध्यायन केंद्र 1522 में सत्र जून - जुलाई ub2025-26 की स्नातक एवं स्नात्कोत्तर की परीक्षा 16 जून 2026 से प्रारंभ होने जा रही है।*

जिसमे राष्ट्रीय शिक्षा नीति **(NEP)** के विज्ञान, कला, एवं वणिज्य आदि भिन्न भिन्न विषयों में पंजीकृत विद्यार्थी परीक्षा देंगेद्य प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में भोज मुक्त विश्वविद्यालय के आध्यायन केंद्र क्रमांक 1522 की संयोजक डॉ श्रुति अवस्थी ने बताया कि सभी संबंधित विद्यार्थी परीक्षा से संबंधित जानकारी हेतु **PMCOE** सिवनी भोज केंद्र 1522 से संपर्क कर सकते है, साथ ही बताया की प्रत्येक विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र ऑनलाईन प्राप्त कर सकते है जिसके साथ पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड या कोई शासन द्वारा जरी परिचय पत्र एवं पासपोर्ट साइज़ एक रंगीन फोटो लानी अनिवार्य होगी ताकि किसी भी अवांछित स्तिथि से बचा जा सके साथ ही परीक्षा क्षेत्र में मोबाइल डिजिटल घड़ी आदि सामग्री लेकर आने की भी मनाही है

यह परीक्षा केवल वे ही विद्यार्थी देगे जिन्होंने सत्र जून - जुलाई 2025 में प्रवेश लिया है जिसकी जानकारी हेतु ऑफिशियल वेबसाइट **https // mpbou. mponline. gov.in** पर जाकर देखा सकते है। **PMCOE** सिवनी के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

# भव्य निशान एवं कलश यात्रा आज, नगर भ्रमण के साथ होगा श्याम भक्तों का महासंगम..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*श्री श्याम परिवार समिति सिवनी द्वारा आयोजित श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार 16 जून 2026 को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।*



समिति के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि प्रातः 8 बजे गणेश-गौरी पूजन के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे अन्नाधिवास, 11 बजे फ्लाधिवास एवं दोपहर 2 बजे हवन पूजन संपन्न होगा।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण दोपहर 4 बजे निकलने वाली भव्य कलश एवं निशान यात्रा रहेगी। यह यात्रा श्रीराम मंदिर शुक्रवारी से प्रारंभ होकर श्री श्याम मंदिर, ऑरेंज सिटी कॉलोनी, नागपुर रोड तक पहुंचेगी। यात्रा में बाबा श्याम की आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, डीजे, ढोल तथा सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर बाबा श्याम के जयकारे लगाएंगे। सायं 6:30 बजे रेशमाधिवास एवं रात्रि 7 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। इस अवसर पर राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक श्री बंटू भैया जी नजफगड दिल्ली एवं श्री श्याम शुभम जी नागपुर अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

कार्यक्रम स्थल पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार एवं विशेष श्याम रसोई की व्यवस्था भी रहेगी। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण ÷बाबा का खजाना÷ भी रखा गया है, जिसके अंतर्गत निशान एवं कलश यात्रा में सहभागी भक्तों में से 11 भाग्यशाली श्रद्धालुओं को बाबा का खजाना इनामी कूपन के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। श्री श्याम परिवार समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# 6 माह से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सोहेल खान उर्फ गोलू पठान गिरफ्तार

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में अपराधों की रोकथाम एवं लंबे समय से फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं।*

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा स्थाई वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के प्रकरण में विगत 6 माह से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सोहेल खान उर्फ गोलू पठान पिता सफीक खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी बड़े मिशन स्कूल के पीछे, सिवनी को दिनांक 14/06/2026 को बस स्टैंड सिवनी से कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार वारंटी..

**सोहेल खान उर्फ गोलू पठान पिता सफीक खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी बड़ा मिशन स्कूल के पीछे, सिवनी।**

### विशेष भूमिका..

**निरीक्षक सतीश तिवारी, प्रधान आरक्षक मनोज मरावी, आरक्षक प्रतीक बघेल, आरक्षक सतीश इनवाती, आरक्षक सिद्धार्थ दुबे एवं आरक्षक अजेंद्र पाल का सराहनीय योगदान रहा।**

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, महिलाएं केवल ग्रहणी नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माता हैं..




## पैरालीगल वालंटियर राजेश्वरी सिंह ने कोर्ट के निर्णय का किया स्वागत..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाली गृहिणियों के मुआवजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि घर संभालने वाली महिलाएं केवल गृहिणी नहीं, बल्कि 'राष्ट्र निर्माता' हैं और उनके योगदान को कम नहीं आंका जा*

सकता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय शिवनी की पैरालीगल वालंटियर श्रीमती राजेश्वरी सिंह ने कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत किया है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिस्वर सिंह की पीठ ने अहम सिद्धांत स्थापित किया। पीठ ने कहा कि गृहिणियों के घरेलू कार्य, देखभाल और परिवार प्रबंधन को आर्थिक मूल्य में आंकते समय न्यूनतम मजदूरी पर सीमित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में उनकी 'काल्पनिक आय' कम से कम 30,000 रुपये प्रति माह यानी 3.6 लाख रुपये वार्षिक मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 30 हजार की यह राशि 'प्रणय सेठी' केस के प्रावधानों के अतिरिक्त होगी।

अदालत ने माना कि घरेलू कार्य अदृश्य होते हुए भी परिवार और समाज की नींव मजबूत करते हैं। यह फैसला 2001 के एक मामले से जुड़ा है, जिसमें एक गृहिणी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद मुआवजे की कानूनी लड़ाई 20 साल से ज्यादा चली। लंबी प्रक्रिया पर चिंता जताते हुए कोर्ट ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों का निपटारा अब सामान्यतः एक वर्ष के भीतर किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने मुआवजा प्रणाली में बड़ा बदलाव किया है और समाज को संदेश दिया है कि घर संभालने वाली महिलाएं राष्ट्र निर्माण की अदृश्य लेकिन सबसे मजबूत नींव हैं।


न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

4 सोमवार 15 जून 2026
जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# वैनगंगा नदी में डूबने से दो छात्रों की मौत, गांव में पसरा मातम..




जगप्रेरणा खैरलांजी।

***थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरी में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में वैनगंगा नदी में नहाने गए दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।***

मृतकों की पहचान साहिल पिता मनोज भालाधरे (18 वर्ष) एवं अक्षय पिता संजय लानगे (18 वर्ष), निवासी ग्राम खैरी के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों छात्र अपने गांव के अन्य साथियों के साथ वैनगंगा नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान साहिल और अक्षय गहरे पानी में चले गए, जिससे वे डूब गए और लापता हो गए।

साथ में मौजूद अन्य छात्रों ने उन्हें तलाशने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर तत्काल गांव पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे, लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद मामले की सूचना खैरलांजी पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय मछुआरों की मदद से नदी में तलाश अभियान चलाया और दोनों छात्रों के शव बाहर निकाले। पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिए गए।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। बताया गया कि दोनों छात्र हाल ही में कक्षा 11वीं उत्तीर्ण कर कक्षा 12वीं में पहुंचे थे। उनकी असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। खैरी ग्राम के ग्रामीणो ने बताया कि नदी के पुलिया में बनी पिल्लरों के आसपास गर्मी के दिनो में भी पानी का ठहराव होता है और पिल्लरो के नदी सतह वाले भाग के आसपास बहुत गहराई भी हो गई है जिससे यह घटना घटित हुई होगी फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम में मामले की जांच की जा रही है। उक्त घटनाक्रम में खैरलांजी पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया है। फिलहाल जांचकर्ता अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक किशोर मने, प्रधान आरक्षक विरेन्द्र सिंह नागभिरे द्वारा मामले की जांच रही है।

# खेत बचाव अभियान के तहत किसानों को दी गई उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी..

## ग्राम मोवाड़ में धान, अरहर, डीएसआर एवं मृदा स्वास्थ्य पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



जगप्रेरणा बालाघाट।

***किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों से जोडऩे के उद्देश्य से संचालित खेत बचाव अभियान के अंतर्गत 15 जून को खैरलांजी विकासखंड के ग्राम मोवाड़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम में किसानों को धान एवं अरहर फसल की उन्नत खेती, डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक तथा मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खरीफ सीजन की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। किसानों को बताया गया कि धान की खेती में डीएसआर पद्धति अपनाकर श्रम, समय एवं पानी की बचत की जा सकती है। यह तकनीक पारंपरिक रोपा विधि की तुलना में कम लागत वाली होने के साथ-साथ अधिक लाभकारी भी सिद्ध हो रही है। किसानों को बीज चयन, बीजोपचार, उचित दूरी पर बुवाई तथा खरपतवार प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी गई।

कृषि विशेषज्ञों ने अरहर फसल को आय बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण दलहनी फसल बताते हुए इसकी वैज्ञानिक खेती पर विशेष जोर दिया। किसानों को उन्नत किस्मों के चयन, बीजोपचार, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि अरहर की खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति में भी सुधार होता है और किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है। कार्यक्रम के दौरान मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। किसानों को मृदा परीक्षण कराने, परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वस्थ मिट्टी ही अच्छी फसल उत्पादन का आधार है और संतुलित पोषण प्रबंधन से उत्पादन लागत कम करते हुए बेहतर उपज प्राप्त की जा सकती है। खेत बचाव अभियान के माध्यम से किसानों को जल संरक्षण, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा आधुनिक कृषि यंत्रीकरण के लाभों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से विभिन्न तकनीकी विषयों पर चर्चा कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाएं तथा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ उठाएं। ग्राम मोवाड़ में आयोजित यह कार्यक्रम किसानों के बीच वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खरीफ सीजन की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# तेंदुए की सूचना, निकली जंगली बिल्ली.. वन विभाग ने सुरक्षित कराया रेस्क्यू..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***ग्राम पंचायत आंवलाझरी के कटिंग टोला में रविवार सुबह तेंदुए के रिहायशी क्षेत्र में घुसने की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।***

हालांकि वन विभाग के करीब दो घंटे के प्रयास के बाद स्पष्ट हुआ कि नाली के पाइप में छिपा वन्य प्राणी तेंदुआ नहीं, बल्कि जंगली बिल्ली थी, जिसे सुरक्षित बाहर निकलने का रास्ता देकर जंगल की ओर रवाना किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 6:30 बजे ग्राम पंचायत आंवलाझरी के सरपंच श्री अशोक लिल्हारे ने वन विभाग को सूचना दी कि कटिंग टोला स्थित रिहायशी इलाके में नाली के पाइप के भीतर एक तेंदुआ घुस गया है।

सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा। इसके साथ ही पुलिस विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। वन्य प्राणी एवं स्थानीय लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में उप वनमंडल अधिकारी श्रीमती विनिता फूलबेल तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री हिमांशु राय के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू टीम (आरआरटी) और वन अमले ने नाली के पाइप के दोनों सिरों पर पिंजरे लगाए, लेकिन पाइप लंबा होने और भीतर अंधेरा होने के कारण वन्य प्राणी की पहचान नहीं हो सकी।

इसी दौरान वनमंडलाधिकारी दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट श्री नित्यानंदम् एल. भी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कार्य की निगरानी की। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद पाइप के भीतर मौजूद वन्य प्राणी की पहचान जंगली बिल्ली के रूप में हुई।

वन विभाग ने बताया कि जंगली बिल्ली से आम लोगों को कोई विशेष खतरा नहीं था। इसके बाद उसे सुरक्षित बाहर निकलने का अवसर देने के लिए पाइप के दोनों ओर लगाए गए पिंजरे हटा दिए गए और क्षेत्र को खाली कर दिया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर लगभग 12:45 बजे जंगली बिल्ली सुरक्षित रूप से पाइप से बाहर निकली और वनखंड धनसुआ की दिशा में चली गई।

वन विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से वन्य प्राणी तथा स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। घटना के दौरान क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, लेकिन किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बनी।

# बालाघाट जिले में डीएसआर पद्धति को मिल रहा बढ़ावा, किसानों ने सुपर सीडर से की धान की सीधी बुवाई..




## लालबर्रा और खैरलांजी विकासखंड के किसानों ने अपनाई आधुनिक तकनीक, कम लागत और अधिक उत्पादन की उम्मीद

जगप्रेरणा लालबर्रा।

***बालाघाट जिले में कृषि विभाग द्वारा धान उत्पादन में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के प्रयास लगातार रंग ला रहे हैं। किसानों के बीच डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) पद्धति तेजी से लोकप्रिय हो रही है।***

इसी क्रम में मंगलवार को लालबर्रा एवं खैरलांजी विकासखंड के विभिन्न गांवों में किसानों ने सुपर सीडर मशीन की सहायता से धान की सीधी बुवाई कर आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि लालबर्रा विकासखंड के ग्राम नेवरगांव (व) में कृषक श्री अरुण रहांगडाले एवं श्री राजेश रहांगडाले के खेतों में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से लगभग 12 एकड़ क्षेत्र में डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई की गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया तथा डीएसआर पद्धति के लाभों की जानकारी दी। इसी प्रकार खैरलांजी विकासखंड के ग्राम कुम्हली में कृषक श्री निकेश पांडे के खेत में डीएसआर तकनीक से धान की सीधी बोनी की गई। वहीं ग्राम सावरगांव में कृषक श्री पदमलाल लिल्हारे एवं श्री वीरू भंडारकर के लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में सुपर सीडर मशीन से धान की बुवाई कराई गई।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार डीएसआर पद्धति पारंपरिक रोपा विधि की तुलना में अधिक किफायती एवं श्रम बचाने वाली तकनीक है। इस पद्धति में खेत में सीधे बीज की बुवाई की जाती है, जिससे नर्सरी तैयार करने, पौध उखाडऩे और रोपाई करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इससे मजदूरी लागत में कमी आती है तथा समय और पानी दोनों की बचत होती है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सुपर सीडर जैसी आधुनिक मशीनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग का मानना है कि डीएसआर तकनीक के व्यापक उपयोग से जिले में धान उत्पादन की लागत कम होगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही जल संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि को भी बढ़ावा मिलेगा।

कृषि अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाएं तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और यंत्रीकरण कार्यक्रमों का लाभ उठाएं। जिले में बढ़ते डीएसआर रकबे को देखते हुए यह माना जा रहा है कि आने वाले वर्षों में यह तकनीक धान उत्पादक किसानों के लिए एक प्रभावी विकल्प के रूप में स्थापित होगी।

## माइंस नगरी उकवा के बेटे ने रचा इतिहास

# सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में प्रदेश में चौथा स्थान हासिल कर नरेंद्र बघेल ने बढ़ाया बालाघाट का मान..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***सपनों को साकार करने के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि बड़े हौसलों और अटूट मेहनत की जरूरत होती है। बालाघाट जिले की मैंगनीज नगरी उकवा के युवा नरेंद्र बघेल ने इस बात को सच साबित कर दिखाया है। मध्यप्रदेश सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में भूगोल विषय से पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर उन्होंने न केवल अपने परिवार,***

बल्कि पूरे बालाघाट जिले को गौरवान्वित किया है। नरेंद्र बघेल की सफलता संघर्ष, समर्पण और आत्मविश्वास की प्रेरणादायक कहानी है। एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे नरेंद्र के पिता श्री श्रवण बघेल वर्षों से माइंस में कार्यरत हैं और सीमित आय में परिवार का पालन-पोषण करते रहे हैं। आर्थिक चुनौतियों के बीच भी परिवार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और नरेंद्र ने भी अपने सपनों को परिस्थितियों की भेंट नहीं चढने़ दिया। बचपन से ही मेधावी नरेंद्र ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय शासकीय विद्यालयों से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट से उच्च शिक्षा हासिल की। अध्ययन के दौरान इतिहास और भूगोल विषयों के प्रति उनकी विशेष रुचि विकसित हुई, जिसने उन्हें अकादमिक क्षेत्र में आगे बढने़ के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगी परीक्षाओं की कठिन तैयारी, सीमित संसाधन और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच नरेंद्र ने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने अनुशासित दिनचर्या, निरंतर अध्ययन और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर पहले इतिहास विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (हृश्वञ्ज) उत्तीर्ण की और बाद में भूगोल विषय में भी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में भूगोल विषय से पूरे मध्यप्रदेश में चौथा स्थान अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया। नरेंद्र की यह उपलब्धि आज जिले के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उकवा, बैहर और पूरे बालाघाट जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों का कहना है कि नरेंद्र ने अपनी मेहनत से न केवल अपने परिवार का सपना साकार किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरव का एक नया अवसर दिया है। अपनी सफलता पर नरेंद्र बघेल विनम्रता के साथ इसका श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों को देते हैं।

उनका कहना है कि जीवन में आने वाली कठिनाइयां स्थायी नहीं होतीं। यदि व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे और निरंतर प्रयास करता रहे तो सफलता एक न एक दिन उसके कदम जरूर चूमती है।

आज उकवा का यह होनहार युवा पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। नरेंद्र बघेल की उपलब्धि आने वाली पीढिय़ों के लिए प्रेरणा की एक ऐसी मिसाल है, जो यह साबित करती है कि सपनों की ऊंचाई आर्थिक परिस्थितियों से नहीं, बल्कि हौसलों की उड़ान से तय होती है। बालाघाट का यह बेटा अब उन युवाओं के लिए उम्मीद की किरण बन गया है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं।

# वैनगंगा नदी में अवैध रेत खनन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त..






जगप्रेरणा बालाघाट।

जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम चिचगांव में संयुक्त छापामार कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई तहसील बालाघाट, पुलिस थाना नवेगांव एवं जिला खनिज अमले की संयुक्त टीम द्वारा की गई। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि कार्रवाई के दौरान ग्राम चिचगांव अंतर्गत वैनगंगा नदी में दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध रूप से रेत भरते हुए पाई गईं। जांच दल को मौके पर आता देखकर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़कर फरार हो गए। मौके पर दोनों वाहन लावारिस अवस्था में मिले।

जांच के दौरान संबंधित वाहनों के लिए खनिज रेत के खनन, परिवहन अथवा भंडारण संबंधी कोई वैध अनुमति अथवा आदेश प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके चलते दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को विधि अनुसार अज्ञात प्रकरण के रूप में जब्त कर लिया गया। जब्त वाहनों को पुलिस थाना नवेगांव की अभिरक्षा में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।

खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात चालकों एवं वाहन स्वामियों की पहचान होने के उपरांत उनके विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।












### बालाघाट में समान नागरिक संहिता पर मंथन, आमजन से लिए गए सुझाव

# उच्च स्तरीय समिति के सदस्य बुधपाल सिंह ने कहा - सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाना है यूसीसी का उद्देश्य



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में राज्य शासन द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया के तहत सोमवार 15 जून को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में***

यूसीसी के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य श्री बुधपाल सिंह ने विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से सुझाव एवं विचार प्राप्त किए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, संयुक्त आयुक्त श्रीमती कविता बाटला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एम आर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, तहसीलदार श्री सुनील वर्मा, श्रीमती मंजूला महोबिया, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति सदस्य श्री बुधपाल सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता का प्रावधान भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्वों के अनुच्छेद-44 में किया गया है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए समानता, न्याय और कल्याण सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि गोवा में वर्ष 1870 से समान नागरिक संहिता लागू है और गोवा के 1961 में भारत में विलय के बाद भी यह व्यवस्था जारी रखी गई। वर्तमान में उत्तराखंड, गुजरात और असम जैसे राज्यों में भी यूसीसी लागू है तथा मध्यप्रदेश इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसे लागू करने वाला चौथा राज्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित व्यवस्था में अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। श्री बुधपाल सिंह ने कहा कि संविधान निर्माण के दौरान भी इस विषय पर व्यापक चर्चा हुई थी और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इसकी आवश्यकता पर बल दिया था।

वर्तमान में विवाह, विवाह विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण एवं लिव-इन रिलेशनशिप जैसे विषय विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के अंतर्गत आते हैं। यूसीसी का उद्देश्य इन विषयों पर सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी व्यवस्था स्थापित करना है, जिससे महिला और पुरुष दोनों को समान अधिकार प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि लोगों को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि यूसीसी लागू होने से उनकी धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित होगी। यह कानून किसी भी धर्म की पूजा-पद्धति या धार्मिक गतिविधियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाता है। इसका मुख्य उद्देश्य सभी जाति और धर्म के लोगों को समान अधिकार उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि यूसीसी लागू होने पर विवाह पंजीयन अनिवार्य होगा, बेटी और बेटे को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, गोद लेने की प्रक्रिया धर्मनिरपेक्ष होगी, लिव-इन रिलेशनशिप के लिए अलग प्रावधान बनाए जाएंगे तथा बहुविवाह पर रोक लगेगी। बैठक में उपस्थित नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

वक्ताओं ने विवाह एवं विवाह विच्छेद के लिए सभी नागरिकों हेतु समान कानून बनाए जाने, महिलाओं के उत्तराधिकार संबंधी अधिकारों में समानता सुनिश्चित करने तथा लिव-इन रिलेशनशिप से जन्मे बच्चों के अधिकारों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा विवाह पंजीयन को अनिवार्य बनाने, बेटा-बेटी को समान संपत्ति अधिकार प्रदान करने तथा अनुच्छेद-44 एवं यूसीसी के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के सुझाव भी दिए गए। बैठक में श्री युनूस खान पापा भाई, श्री निशांत दुबे, श्रीमती फिरोजा खान, श्री रविन्द्र सिंह बैस, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक श्री दरबू सिंह उईके, श्री नरेन्द्र धुवारे, श्री डीलन ताराम, श्री शुभम उईके, श्री परमिंदर सिंह नतालिया, श्री सचिन मेश्राम सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार रखे।

समिति सदस्य श्री बुधपाल सिंह ने बताया कि जो लोग बैठक में अपने सुझाव प्रस्तुत नहीं कर सके हैं, वे 22 जून तक ह्वष्.द्बश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल के माध्यम से अपने सुझाव दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर यूसीसी का प्रारूप तैयार किया जाएगा, जिसे विधि विभाग की सहमति के बाद विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के विचारों को समाहित करते हुए आगे की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। बैठक का समापन अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# समान नागरिक संहिता पर 22 जून तक ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित

### शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सहित सभी वर्गों के नागरिक दे सकेंगे अपनी राय

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

राज्य शासन द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में आम नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए विशेष रूप से तैयार की गई वेबसाइट पर नागरिक 22 जून 2026 तक अपने सुझाव ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। समान नागरिक संहिता के विभिन्न पहलुओं पर जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

इस प्रक्रिया में आम नागरिकों के साथ-साथ शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्य, समाजसेवी, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, मीडिया कर्मी तथा सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य संगठनों से जुड़े लोग भी अपनी राय दर्ज करा सकेंगे।

सुझाव देने के लिए नागरिकों को वेबसाइट ह्वष्.द्बश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर निर्धारित ऑनलाइन प्रपत्र भरना होगा। प्रपत्र में नाम, लिंग, धर्म, संभाग, जिला, पता और मोबाइल नंबर जैसी सामान्य जानकारी दर्ज करनी होगी। इसके बाद समान नागरिक संहिता से संबंधित 12 प्रश्नों के उत्तर 'हाँ' अथवा 'नहीं' में देने होंगे। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा।

ओटीपी सत्यापन के साथ ही सुझाव सफ्लतापूर्वक दर्ज हो जाएगा। राज्य शासन ने अधिक से अधिक नागरिकों से इस प्रक्रिया में भाग लेकर अपने विचार एवं सुझाव साझा करने की अपील की है, ताकि समान नागरिक संहिता के संबंध में व्यापक जनमत प्राप्त किया जा सके और विभिन्न वर्गों की राय को संकलित किया जा सके। समान नागरिक संहिता पर अपने सुझाव दर्ज कराने की अंतिम तिथि 22 जून निर्धारित की गई है। इच्छुक नागरिक समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन माध्यम से अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं।

# बालाघाट में सरेखा ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार ट्रक ने ले लिया कार को चपेट में..

### कार बूरी तरह क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचा कार में सवार परिवार..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सरेखा रेलवे फाटक स्थित ओवरब्रिज के टर्निंग पाइंट पर सोमवार 15 जून को सुबह करीब 11:30 बजे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने गोंदिया की ओर***

जाते हुए एक कार को आगे बढ़ते हुए अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार चालक सुरक्षित बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 4950 हरियाणा के मेवात क्षेत्र का है, जिसे लुकमान पिता ममु खान (21 वर्ष) चला रहा था। ट्रक दिल्ली से खाद्य सामग्री लेकर बालाघाट आया था और सामान खाली करने के बाद गोंदिया की ओर लौट रहा था। इसी दौरान आशीष उर्फ मोंटी, निवासी बैहर रोड वार्ड क्रमांक 3, अपनी कार क्रमांक एमपी 50 सीए 0128 से गोंदिया जा रहा था। बताया जाता है कि उसका परिवार गोंदिया में रहता है और वह उन्हें लेने जा रहा था। सरेखा रेलवे ओवरब्रिज के टर्निंग पाइंट पर गोंदिया की ओर मुड़ते समय उसकी कार ट्रक की चपेट में आ गई। टक्कर के बाद ट्रक कार को कुछ दूरी तक घसीटता ले गया, जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है तथा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गनीमत रही कि दुर्घटना के दौरान कार चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बच गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए ओवरब्रिज पर यातायात भी प्रभावित रहा।

# बालाघाट के जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल का नरसिंहपुर स्थानांतरण, देवेश बाथम ने संभाला पदभार..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** परिवहन विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जारी नवीन स्थानांतरण सूची के तहत बालाघाट के जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाल का स्थानांतरण नरसिंहपुर कर दिया गया है। साथ ही उन्हें सिवनी जिले के जिला परिवहन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। स्थानांतरण आदेश के बाद श्री अनिमेष गढ़पाल ने बालाघाट से कार्यमुक्त होकर नरसिंहपुर में पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। उनके कार्यकाल में जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता, परिवहन नियमों के पालन तथा विभागीय कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए विभिन्न पहलें की गईं। वहीं सिवनी के जिला परिवहन अधिकारी श्री देवेश बाथम का स्थानांतरण बालाघाट किया गया है। श्री बाथम ने बालाघाट पहुंचकर जिला परिवहन अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्री देवेश बाथम के पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले के परिवहन विभाग की प्रशासनिक जिम्मेदारियां अब उनके नेतृत्व में संचालित होंगी। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी हैं।






### जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 18 जून को..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 18 जून को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से कृषि, सहकारिता, सिंचाई, आदिम जाति कल्याण, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की प्रगति एवं कार्यों पर चर्चा होगी। इसके अगले दिन 19 जून को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में शिक्षा, पशुपालन, विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों, उद्यानिकी विभाग तथा अन्य विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों की समीक्षा की जाएगी। दोनों बैठकों की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार करेंगे।

### राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार नटराजन का

# नामांकन रद्द किये जाने के विरोध में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने सौंपा ज्ञापन..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव 2026 में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र को निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेसजनों ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिला अध्यक्ष मीरा राधेश्याम सिंगनदुपे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बालाघाट कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन को निरस्त करने की कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों और चुनावी निष्पक्षता पर सीधा प्रहार है। नेताओं ने कहा कि जिस प्रकार नामांकन पत्र खारिज किया गया, उससे पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ गई है और यह लोकतंत्र की हत्या जैसा प्रतीत होता है। ज्ञापन में मांग की गई कि मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए तथा यदि किसी अधिकारी या अन्य व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी साजिश को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, जिला पंचायत सदस्य चेतना अजय कुराहे, श्रीमती रुक्मणी मुकेश माहुले, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव जुगल शर्मा, जनपद सदस्य भूरू पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अल्लाह रखा, डॉ. खिनेश लांगे, जिला सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष जीतू बर्वे, पूर्व पार्षद साबिर मंसूरी, धर्मेंद्र धांडे, मुकेश माहुले, रोहित पटले पूर्व पार्षद रामबाबू पंचेश्वर पूर्व पार्षद छबिराम नागेश्वर (सरपंच चिचगांव), प्रेमसिंह मर्सकोल्हे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी प्रदेशव्यापी जनआंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगी। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी तथा चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कथित अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।





**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..** बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## ईरान के विश्व कप मैच से पहले बंटे ईरानी अमेरिकी प्रशंसक..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ईरानी अमेरिकी प्रशंसक विश्व कप फुटबॉल में ईरान की भागीदारी को लेकर बंटे हुए हैं। समुदाय के कुछ सदस्य जहां सोमवार का मैच देखने की योजना बना रहे हैं तो वहीं कुछ उस स्टेडियम के बाहर विरोध-प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं जहां टीम खेलेगी।***



लॉस एंजिलिस के पास स्टेडियम के बाहर एक रैली की योजना बनाई गई है। यह इलाका ईरान के बाहर सबसे बड़े ईरानी समुदाय का घर है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के कई ईरानी अमेरिकी इस्लामिक क्रांति के बाद यहां आए थे और स्टेडियम से लगभग 10 मील (16 किमी) दूर रेस्तरां, दुकानों और बाजारों का एक केंद्र है जिसे 'तेहरानजिलिस' के नाम से जाना जाता है।

रैली में शामिल होने वाले लोग 'शेर और सूरज' वाली टी-शर्ट पहनने और 1979 की इस्लामिक क्रांति से पहले वाले देश के झंडे को लहराने की योजना बना रहे हैं जिससे कि तेहरान द्वारा जनवरी में विरोधियों के खिलाफकी गई घातक कार्रवाई का विरोध किया जा सके।

कैलिफोर्निया की ऑरेंज काउंटी में रहने वाले ईरान में जन्में 59 वर्षीय सलाहकार अली जवाहेरी ने कहा कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ ईरान के शुरुआती मैच के दौरान स्टेडियम के अंदर बैठकर मैच देखने के बजाय बाहर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि फुटबॉल और राजनीति आपस में जुड़े हुए हैं और हालांकि उन्हें यह खेल पसंद है लेकिन उनका कहना है कि राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों पर ईरानी सरकार के रुख को मानने का दबाव है।

जवाहेरी ने कहा, 'यह 'टीम मेली' नहीं है, जैसा कि फारसी में राष्ट्रीय टीम को जाना जाता है। यह 'टीम इस्लामिक गणराज्य' है।' टूर्नामेंट में ईरान की भागीदारी विवादों से घिरी रही है क्योंकि देश का अमेरिका और इजरायल की सेनाओं के साथ संघर्ष चल रहा है। प्रवासी समुदाय के कई लोगों के मन में इस बात को लेकर मिलीजुली भावनाएं हैं कि फुटबॉल के प्रति अपने प्यार के जरिए ईरानी लोगों का समर्थन कैसे किया जाए।

टीम के कप्तान मेहदी तारेमी ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम हर ईरानी के लिए खेलते हैं, चाहे वे प्रवासी हों या ईरान में हों। लोगों की अलग-अलग राय होती है लेकिन हम लोगों को एकजुट करने के लिए यहां हैं और हम सभी ईरानियों के लिए खुशी लाने की कोशिश करेंगे, चाहे वे कहीं भी रहते हों।' उन्होंने कहा, 'हम राजनीति में शामिल नहीं होते हैं। हम फुटबॉल खेलने के लिए यहां हैं।' एक अन्य प्रशंसक 57 साल के रजा गाराजेदाघी ने कहा कि वह सेन डियागो में अपने 96 साल के पिता के साथ मैच देखेंगे।

उन्होंने कहा कि उन्होंने मैच के टिकट नहीं खरीदे क्योंकि उनकी कीमतें बहुत अधिक थीं। लेकिन उन्होंने कहा कि राजनीति से हटकर वह टीम का समर्थन करते हैं और साथ ही विदेशों में रहने वाले ईरानियों की अलग-अलग राय का भी सम्मान करते हैं। दस साल की उम्र में ईरान छोड़कर आए गाराजेदाघी ने कहा, 'मैं फुटबॉल का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और ये खिलाड़ी दुनिया भर के सभी फारसी और ईरानी लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मेरे लिए इसका ईरान की सरकार से कोई लेना-देना नहीं है।'

## फेमस एक्ट्रेस संचिता उगाले ने की आत्महत्या, छोटी उम्र में ही कहा दुनिया को अलविदा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीवी इंडस्ट्री से बेहद परेशान करने वाली खबरे सामने आई है, जिसने लोगों को सदमे में डाल दिया है। दंगल चैनल के पॉपुलर टीवी शो 'दिलवाले दूल्हा ले जाएंगे' की फेमस एक्ट्रेस संचिता उगाले अब इस दुनिया में नहीं रहीं।***



उन्होंने बीते दिन इस दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्ट्रेस की मौत की वजह आत्महत्या बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस ने अपने घर पर ही आत्महत्या कर ली है। यह घटना रविवार शाम करीब 7 से 7:30 बजे के बीच हुई।

### संचिता उगाले ने कई फिल्मों और टीवी शो में किया काम..

संचिता उगाले ने छोटी उम्र में ही काफी काम किया और इंडस्ट्री में अपना नाम बना लिया था। उन्होंने बॉलीवुड से लेकर टीवी तक पर अपनी कला का प्रदर्शन किया था। संचिता उगाले ने हिंदी टीवी धारावाहिक 'दिल वाले दूल्हा ले जाएंगे' में लीड एक्ट्रेस सुकून की भूमिका निभाई थी। इस रोल से वो घर-घर में फेमस हुई थी और उन्हें अलग पहचान मिल गई थी। उनकी एक्टिंग की बदौलत ये शो काफी चर्चित हुआ और लोगों ने एक्ट्रेस की खूब तारीफभी की थी। इसके अलावा उन्होंने 'छावा' में ताराबाई का किरदार निभाया था। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य' और 'वागले की दुनिया' जैसे लोकप्रिय

### घर पर नहीं था कोई, जब एक्ट्रेस ने लगाई फांसी..

संचिता नालासोपारा पूर्व के आचोले गांव में अपने माता-पिता और 15 वर्षीय बहन के साथ रहती थीं। रविवार शाम करीब 5:30 बजे उनकी बहन अंजली घर से बाहर गई थी। उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान संचिता ने अपने बेडरूम के सीलिंग फैन से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्हें तुरंत महा नगर पालिका के तुलिंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संचिता की आत्महत्या के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। आचोले पुलिस ने बीएनएस की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु (ADR) का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से भी अभी इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस ने सिर्फ अभी यही बताया कि अज्ञात कारणों के चलते एक्ट्रेस की मौत हुई है। पहली नजर में ये आत्महत्या का मामला ही जाहिर हो रहा है।

## श्रीलंका ए ने सुपर ओवर में भारत ए को हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***श्रीलंका ए ने त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के रोमांचक मुकाबले में सोमवार को यहां भारत ए को सुपर ओवर में हरा दिया। श्रीलंका के तेज गेंदबाज़ कुगाथस मथुलन ने दबाव में भी शांत रहकर वैभव सूर्यवंशी***



और सूर्यांश शेडगे की खतरनाक भारतीय जोड़ी के खिलाफ सुपर ओवर में 16 रन बचा लिए जिसके बाद माहौल गरमा गया।

मैच के रोमांचक अंत के बाद सूर्यवंशी को श्रीलंका के एक खिलाड़ी को धक्का देते हुए भी देखा गया जिससे दोनों के बीच शारीरिक टकराव भी हुआ। हालांकि यह हैरानी भरा रहा कि सूर्यवंशी ने सुपर ओवर की पहली गेंद का सामना नहीं किया। नियमित ओवरों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान ने अंतिम ओवर में कई स्टीक यॉर्कर डालकर मुकाबले को टाई कराया। अंतिम ओवर में आउट होने वाले सदीरा समरविक्रम (91) ने इससे पहले श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया।

आईपीएल में गुजरात टाइटन्स की ओर से खेलने वाले अरशद ने अंतिम ओवर में सिर्फचार रन दिए जबकि मेजबान टीम को जीत के लिए पांच रन की जरूरत थी। मैच टाई होने के बाद खेल के नतीजे को लेकर उलझन की स्थिति बन गई थी। भारत ए के कप्तान तिलक वर्मा अंपायरों पर दबाव बना रहे थे कि खेल को सुपर ओवर के जरिए आगे बढ़ाया जाए। काफी सोच-विचार के बाद अंपायरों ने अपना फैसला बदला और मैच को सुपर ओवर में ले जाने का निर्णय लिया।

हालांकि अरशद का सुपर ओवर काफी महंगा साबित हुआ। उन्होंने एक वाइड और एक नो बॉल सहित कुल 16 रन दिए। कुगाथस दबाव में भी शांत रहे और भारतीय जोड़ी को सिर्फ नौ रन पर रोक दिया।

इससे पहले सूर्यवंशी (14 गेंद में 21 रन) एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे लेकिन ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे (66 गेंद में 72 रन) और विपराज निगम (49 गेंद में 51 रन) ने अर्धशतक जड़कर मेहमान टीम का स्कोर 265 रन तक पहुंचाया।

श्रीलंका ए ने श्रृंखला के पहले मैच में अंतिम लम्हों में खराब बल्लेबाजी करके जीत भारत को तोहफे में दी थी लेकिन इस बार बेहतर प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान ए के खिलाफ भी शिकस्त झेलने वाले भारत ए की यह दूसरी हार है।

सूर्यवंशी ने तेज गेंदबाज चमिका गुणाशेखर पर छक्के और दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन ऑफ स्पिनर साहन अराचिगे की गेंद पर प्वाइंट पर कैच दे बैठे। कप्तान तिलक वर्मा (23) और फॉर्म में चल रहे उप कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (32) ने तीसरे विकेट के लिए नौ ओवर में 52 रन की साझेदारी की लेकिन धीमी पिच पर श्रीलंका के स्पिनरों के बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी की। दो विकेट पर 91 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही भारतीय टीम ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए। ऑफस्पिनर विजयकांत व्यासकांत ने गायकवाड़ को पगबाधा करके भारत को तीसरा झटका दिया। तिलक भी इसके बाद कुगाथस मथुलन की गेंद पर प्वाइंट पर कैच देकर पवेलियन लौट गए।

मुंबई के शेडगे और उत्तर प्रदेश के विपराज ने इसके बाद पारी को संभाला। घरेलू क्रिकेट में अपनी टीमों के लिए सीमित ओवरों के टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले शेडगे और विपराज ने एक बार फिर अपनी क्षमता का परिचय दिया। शेडगे ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के मारे जबकि विपराज ने छह चौके जड़े। दोनों ने स्ट्राइक रोटेट करने के अलावा खराब गेंदों को सबक सिखाने में भी कोताही नहीं बरती।

## अरिजीत सिंह के बाद प्रीतम भी लेने जा रह हैं संन्यास? मेनस्ट्रीम म्यूजिक से ब्रेक का दिया हिंट, शेयर किया भावुक पोस्ट..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अरिजीत सिंह ने इस साल की शुरुआत में एक पोस्ट शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास का ऐलान करके अपने फैंस को मायूस कर दिया। अब ऐसा लगता है अरिजीत सिंह के बाद म्यूजिक कंपोजर और***



सिंगर प्रीतम भी इसी रास्ते पर चलने पर विचार कर रहे हैं। प्रीतम ने अपने जन्मदिन के मौके पर एक पोस्ट साझा किया, जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने कयास लगाना शुरू कर दिया है कि अब प्रीतम दा भी मेनस्ट्रीम म्यूजिक से ब्रेक लेने के मूड में हैं। प्रीतम के इस पोस्ट के बाद ज्यादातर यूजर उनसे पूछ रहे हैं कि कहीं वह भी तो अरिजीत सिंह की तरह प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास का ऐलान करने की तैयारी में नहीं हैं।

### प्रीतम ने ब्रेक की ओर किया हिंट..

प्रीतम ने अपने जन्मदिन पर एक ब्लैक एंड व्हाइट फोटो शेयर की, जिसमें वह सोच में खोए नजर आ रहे हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने एक भावुक नोट भी साझा किया है, जिसमें लिखा कि वह अब अपनी जिंदगी कुछ अलग तरह से जीना चाहते हैं।

ऐसी जिंदगी जो उन्हें हमेशा से आकर्षित करती रही है, लेकिन कहीं न कहीं वो जिंदगी पीछे छूट गई। मगर अब वह उन सब चीजों पर ध्यान देना चाहते हैं, जिस पर नहीं दे पाए।

### प्रीतम दा का पोस्ट..

अपने पोस्ट में प्रीतम दा ने लिखा- 'आप सभी की शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। मैं हर किसी को अलग-अलग जवाब नहीं दे सकता, इसलिए कृपया मेरा दिल से आभार स्वीकार करें। आज, मैंने खुद को कुछ साल ऐसे जीने का तोहफा देने का फैसला किया है जिसमें जिंदगी को अलग तरह से जिया जा सके। उन चीजों को पूरा करने के लिए जो मैं अब तक नहीं कर पाया। अब उन नए सफरों पर निकलने का समय आ गया है, जिन्हें मैंने लंबे समय से टाल रहा था। आम रास्ते पर चलना भी एक शानदार अनुभव होता है। लेकिन, मुझे हमेशा उन रास्तों के बारे में जानने को लेकर ज्यादा उत्सुकता रही है जिन पर अभी तक कोई नहीं गया है। आप सभी के प्यार और साथ के लिए धन्यवाद। हमेशा....'

### अरिजीत सिंह की राह पर प्रीतम?

प्रीतम का ये पोस्ट देखने के बाद उनके फैंस को चिंता सताने लगी है कि कहीं वह भी तो प्लेबैक सिंगिंग से ब्रेक लेने के मूड में नहीं हैं। ऐसे में कई ने उनके पोस्ट पर कमेंट करते हुए ही सवाल पूछना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा- 'कहीं आप भी तो अरिजीत सिंह की राह पकड़ने की तैयारी नहीं कर रहे?' वहीं एक ने लिखा- 'लगता है अब प्रीतम दा भी बॉलीवुड म्यूजिक से ब्रेक लेने की तैयारी में हैं।' एक और लिखता है - 'क्या प्रीतम भी बॉलीवुड म्यूजिक से रिटायरमेंट लेने का ऐलान करने वाले हैं?' ऐसे ही कमेंट करते हुए यूजर प्रीतम से सवाल पूछ रहे हैं और रिटायरमेंट को लेकर आशंका जाहिर कर रहे हैं।

## नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

## 275 दिन के बाद करेंगे वापसी, जानें किस दिन होगा ये मैच..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारत के स्टार जैवलीन थ्रो प्लेयर नीरज चोपड़ा, जिन्होंने ओलंपिक में दो पदक जीते हैं, एक बार फिर मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं। वह 19 जून को होने वाली दोहा डायमंड लीग के जरिए वह टूर्नामेंट में वापसी करेंगे।***



वह 275 दिनों के बाद मैदान पर वापसी करेंगे। साल 2025 की वर्ल्ड चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहने के बाद से उन्होंने किसी भी खेल में हिस्सा नहीं लिया था। आपको बता दें कि नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड मेडल और पेरिस ओलंपिक 2024 में सिल्वर मेडल जीता था।

### दोहा डायमंड लीग में पिछले साल नीरज ने फेंका था 90 मीटर का भाला..

नीरज चोपड़ा का नाम दोहा डायमंड लीग के लिए चुना गया है, जहां उन्होंने पिछले साल 90 मीटर से ज्यादा दूर भाला फेंका था। हरियाणा के रहने वाले नीरज इस समय अपने फिजियो और कोच के साथ स्विट्जरलैंड में 47 दिनों की कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स की भारतीय टीम में भी उन्हें शामिल किया गया है। हालांकि, इस प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की करने के लिए उन्हें भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के नियम के मुताबिक कम से कम 82.61 मीटर दूर भाला फेंककर क्वालिफाई करना होगा।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में भी हिस्सा ले सकते हैं नीरज चोपड़ा..

अगले महीने ग्लास्गो में कॉमनवेल्थ गेम्स होने वाले हैं। अगर भारत के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इसमें भाग लेते हैं, तो जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भारत की तरफ से कुल तीन खिलाड़ी शामिल होंगे। बाकी के दो खिलाड़ी, रोहित यादव और यशवीर सिंह, पहले ही इसके लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। इसके अलावा, आने वाली दोहा डायमंड लीग में भी दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। इस टूर्नामेंट में पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट (त्रिनिदाद और टोबैगो) और श्रीलंका के रूमेश तरंगा पथिरागे जैसे बड़े एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि, पेरिस ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट और पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी अरशद नदीम इस बार दोहा डायमंड लीग में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे।

### दोहा डायमंड लीग में खेलेंगे जैवलिन के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी..


टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 86.08 मीटर), अमेरिका के कुर्टिस थॉम्पसन (85.33 मीटर) और चेक गणराज्य के याकूब वालेश (85.24 मीटर) शामिल हैं। वहीं, दोहा में हुए मुकाबले में भारत के नीरज चोपड़ा ने 90.23 मीटर का शानदार थ्रो फेंका था,

लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने आखिरी (छठे) प्रयास में 91.06 मीटर दूर भाला फेंककर यह खिताब अपने नाम कर लिया था।

## कार्तिक आर्यन ने श्रीलीला के बर्थडे पर पोस्ट की मिस्ट्री सेल्फी, शीशे पर लिखी थी दिल की बात, फैंस बोले- क्या खिचड़ी पक रही है?

डेस्क जगप्रेरणा।

***कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। फिल्म का नाम 'तू मेरी जिंदगी है', जिसे पहले 'आशिकी 3' नाम दिया गया था। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं।***



इस फिल्म में एक्टर साउथ की फेमस एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ नजर आएंगे। ये फिल्म एक लव स्टोरी दिखाएगी, जिसमें दोनों की जोड़ी खूब जमेगी। आज कार्तिक की कोस्टार श्रीलीला अपना जन्मदिन मना रही हैं और इस खास मौके पर एक्टर ने अपनी हीरोइन के लिए खास पोस्ट साझा किया और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। 15 जून की आधी रात को ही कार्तिक ने श्रीलाला के लिए स्पेशल पोस्ट साझा किया।

### कार्तिक आर्यन ने श्रीलीला को जन्मदिन की बधाई दी..

बाइक राइड जैसी लग रही एक फोटो पोस्ट करते हुए कार्तिक ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे श्री श्री'। यह साफनहीं है कि फोटो किसी शूट की थी या उनकी पर्सनल ट्रिप की। बाइक के शीशे में ली गई सेल्फी में लिखा टेक्स्ट दिलचस्प था, 'शीशे में दिख रही चीजें असल में पास होती हैं।' इसके जवाब में श्रीलीला ने कहा, 'थैंक यू स्वीटेस्ट।'

### कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की फिल्म का पहला लुक..

पिछले साल कार्तिक और श्रीलीला की आने वाली फिल्म का पहला लुक शेयर किया गया था। इसमें कार्तिक एक रॉकस्टार के तौर पर श्रीलीला के साथ खूबसूरत पल बिताते हुए दिखे थे। फिल्म दिवाली 2025 में रिलीज होने वाली थी। हालांकि इसे आगे बढ़ा दिया गया।

### श्रीलाला से पहले तृप्ति थीं फिल्म के लिए पसंद..

पहले खबरें थीं कि तृप्ति डिमरी फीमेल लीड के लिए रेस में थीं। हालांकि बाद में कहा गया कि उन पर विचार नहीं किया जा रहा था। कयास लगाए जा रहे थे कि रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' में उनकी परफॉर्मेंस के बाद उनकी ओवरएक्सपोज्ड और बहुत ज्यादा सेक्सुअलाइज्ड इमेज इसकी वजह थी। इन खबरों के बारे में कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं दिया गया।

### अनुराग बसु ने दी थी सफाई..

हालांकि अनुराग बसु ने इन चर्चाओं पर रोक लगा दी। उन्होंने ॥झ सिटी से कहा, 'इमेज वजह नहीं थी। मैं किसी एक्टर को उनके निभाए किरदारों के आधार पर जज करने वाला आखिरी इंसान हूं। 'आशिकी' अब कहानी का हिस्सा भी नहीं थी। मुझे नहीं पता कि ये खबरें कहां से आईं। सबसे जरूरी बात डेट्स की थी, तृप्ति पहले से ही विशाल भारद्वाज के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं और मेरी फिल्म इसी महीने शुरू हो रही थी। वह अभी भी मेरी सबसे अच्छी दोस्त हैं और एक एक्ट्रेस के तौर पर मैं उनकी बहुत तारीफ करता हूं। आपको उनसे पूछना चाहिए कि क्या हुआ था।'

### इन फिल्मों की शूटिंग में बिजी हैं कार्तिक और श्रीलीला..

काम की बात करें तो कार्तिक आर्यन अभी 'नागजिला' की शूटिंग कर रहे हैं। जहां तक श्रीलीला की बात है, वह भी नितिन के साथ 'रॉबिनहुड' पर काम कर रही हैं।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433


दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## राम मंदिर : राम नाम की लूट है..

हम बचपन से ही सुनते आ रहे हैं कि राम नाम की लूट है लूट सके तो लूट...., अब कुछ लोगों ने इसे हकीकत में बदल दिया। पहले तो राम के नाम पर खूब वोट लूटे और अब नोट। चूंकि, पूरे खेल में रामजी का नाम लेने वाले ही शामिल हैं लिहाजा देशभर में खून नहीं खौल रहा है, किसी के घर बुलडोजर नहीं चल रहा। एक वक्त था जब राम जन्मभूमि स्थल के विवाद से लेकर शीर्ष अदालत के फैसले तक और फिर भूमिपूजन से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक पूरे देश में अलग ही माहौल बना था।

रामजन्म भूमि मंदिर को लेकर खूब प्रचार प्रसार हुआ यहां तक तो सब ठीक है लेकिन जब अयोध्या के विश्वप्रसिदध इस मंदिर के चंदे में हेराफेरी सामने आई तो राम भक्तों के साथ ही अन्य धर्मप्रेमियों को भी ठेस तो पहुंची ही है। बताया जा रहा है कि राम मंदिर में चंदे की राशि के साथ ही चढ़ावे में आए जेवरात भी पार किए गए हैं। यही नहीं, असली सोना पार कर नकली भी रखा गया। हालांकि, अभी जांच चल रही है और पूरा खुलासा होना बाकी है। हकीकत और पूरी जानकारी तब ही सामने आ पाएगी जब निष्पक्षता से मामले की तह तक तफ्तीश की जाएगी। हेराफेरी करने का सिलसिला लंबे समय से चला आ रहा था। लेकिन, मोटा हाथ मारा गया महाकुंभ के वक्त। तब देश भर से करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे थे। इस दौरान रामभक्त काशी और अयोध्या में भी दर्शन के लिए पहुंचे थे और खूब चढ़ावा भी आया। महाकुंभ के दौरान एक-एक दिन में लाखों रूपये पार कर लिए गए।

दरअसल, किसी भी धार्मिक स्थल से चढ़ावे की रकम में हेराफेरी आस्था के साथ खिलवाड़ है। फिर ये कोई साधारण राम मंदिर तो है नहीं बल्कि ये वो मंदिर है जो भगवान श्रीराम की जन्मस्थली है। इस मंदिर निर्माण और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए दशकों तक रामभक्तों ने संघर्ष किया है। ऐसे में रामभक्तों की आन-बान-शान का प्रतीक इस मंदिर से चढ़ावे की रकम का गबन अक्षम्य अपराध है। राम मंदिर की दान राशि में हुए गबन मामले ने रामभक्तों को हैरत में डाल दिया है। ये रकम 200 करोड़ से भी अधिक की बताई जा रही है। चूंकि, यूपी से लेकर केन्द्र तक रामभक्तों की सरकार है लिहाजा जो कार्रवाई हो भी रही है तो पूरी खामोशी के साथ। कार्रवाई के नाम पर एसआईटी बना दी गई है। एसआईटी में लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं। हेराफेरी की गई राशि की रिकवरी की जा रही है। यह रकम पकड़े गए संदिग्धों की निशानदेही पर बरामद की गई जा रही है। कुछ लोगों ने अपने घर तो कुछ ने रिश्तेदारों या परिचितों के घरों में तो किसी ने गोबर के ढेर में नगदी छिपाई थी। जांच के आगे बढ़ने पर कुछ हजार रूपये महीने की पगार पर काम करने वाले कर्मचारियों के पास से करोड़ों रूपयों की संपत्ति सामने आ रही है।

अयोध्या राम मंदिर से दानराशि चोरी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र याचिका भेजकर इस मामले पर स्वत संज्ञान लेते हुए कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के वकील अनूप अवस्थी ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र याचिका भेजकर श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में दान-चढ़ावे की हेराफेरी से जुड़े आरोपों की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच कराए जाने की मांग की है।

मालूम हो कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का आरोप लगाया था। वहीं राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राम मंदिर ट्रस्ट के चंदे में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एसआईटी गठित किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। फैजाबाद से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने जांच पूरी होने तक न्यास के सभी मौजूदा सदस्यों को हटाए जाने की मांग की है। उन्होंने एसआईटी पर अविश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस मामले की जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा कराई जानी चाहिए। राम मंदिर आंदोलन के नेता और पूर्व भाजपा सांसद विनय कटियार ने कहा कि हमारे जैसे लोग, कल्याण सिंह (उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री) सभी जेल गए। कल्याण सिंह ने मुख्यमंत्री पद से केवल इसलिए इस्तीफा दे दिया था कि मंदिर का निर्माण शुरू हो। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि सनातन धर्म के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है कि अब राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी और साधुओं की जांच अधिकारी करेंगे। यह सनातन धर्म का अपमान है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का कहना है कि लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे पूरा देश देख रहा है। इस मामले में देश माफनहीं करने वाला है। पूर्व सांसद विनय कटियार का कहना है कि राम मंदिर ट्रस्ट में जितने लोग है, सबके सब चोर हैं। सबको हटाओ। जांच हो रही है। ये सब या तो भाग जाएंगे या जेल में होंगे। इनकी छुट्टी कौन करेगा, आगे दिखेगा। गोपाल राव को ट्रस्ट में किसने भेजा ? राम मंदिर दान में कितने करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है, यह सब जांच में पता चल जाएगा।

बहरहाल, क्या राशि की रिकवरी करने से रामभक्तों की आस्था पर पहुंची ठेस की भी रिकवरी हो पाएगी ?, क्या रामजन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की राशि हेराफेरी करने वालों को रामभक्त सरकार सख्त सजा देगी ?, इतने महत्वपूर्ण और संवेदनशील ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के मंदिर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी नहीं है और है तो ये सब इतने दिनों तक कैसे चलता रहा ?, जिन लोगों का बात-बात पर खून खौल उठता था उनकी चुप्पी क्यूं हैं ?, क्या इस मामले के तार बड़े रसूखदारों या राजनीतिज्ञों से भी जुड़े हुए हैं ? और भी कई ऐसे सवाल हैं जो आस्थावानों के ज़हन में कौंध रहे हैं।

लेखक



मुस्ताअली बोहरा
अधिवक्ता एवं लेखक, भोपाल

## अच्छा नहीं लगता..

बिन तेरे, अहले-नज़र, अच्छा नहीं लगता,
तू नहीं होती तो घर अच्छा नहीं लगता।

जब भी आए याद तेरी रात को सोते हुए,
फिर मेरा तकिए पे सर अच्छा नहीं लगता।

नूर कहता हूँ उसे मैं अपनी आँखों का,
दाग़ मुझको चाँद पर अच्छा नहीं लगता।

उड़ गए दिल तोड़कर
मां बाप का जो भी,
उन परिंदों का हुनर
अच्छा नहीं लगता।

देख भी ले आईने
के सामने चेहरा तेरा,
कम उमर में बेअसर
अच्छा नहीं लगता।

आए दिन ये बादलों
का यु बरसना भी,
बिन तुम्हारे अब मगर
अच्छा नहीं लगता।

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

## ये तेरा कुरान..

ये तेरा कुरान
मेरे काम का नहीं है।
ये मेरा पुराण
तेरे काम का नहीं है।
लड़वाते हैं जो
एक दूजे से हमको
ऐसा सामान
किसी काम
का नहीं है।

रामनारायण कश्यप
'इशारा बुन्देली'
वेकोलि, सावनेर।

## पेड की साखो पर..

पेड की साखो पर
पंछियो का बसेरा है,
अंधियारा मिटाने देख
फिर आया नया शवेरा है.

चल उठ बढ़ चल
अपनी मंजिल
पर 'अश्क'
तेरी हिम्मत को देख रहा
ईश्वर तेरा है

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## जबरइ..

जो जादा जबरइ करै, बडबै ऐंन क्लेश।
चैंन न रैबै मन बदन, होबै बात बिशेष।।

जबरइ अपनन सें करौ, भलौ बनाऔ काज।
कुठिया में गुर फेर लो, छिपौ रखौ सब राज।।


जबरइ सें घर सें कडे, छोड दये घर द्वार।
परदेशन में घूम रय, नइँ हो रइ तकरार।।

ऐंचातानी घर भयी, आपुस होबै बैस।
मजली काकी लर रयी, जबरइ बिकरइ भैंस।।

जबरइ कौनउँ काज खों, करबे की लै ठान।
मंजिल बौ पाबै नइँ, जाँ ताँ होबै हान।।

रामानन्द पाठक नन्द

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 194



ck;s I: nk;s :–1) वृक्क, शरीर का एक अंग, किडनी 3) कमल का फूल 6) अर्जित करना 8) सतीत्व, पतिपरायण होन का भाव 13) तरफ, दिशा, चेहरा 14) किसी प्रियजन से अलग होने का भाव, वियोग 15) विचार 17) पराजय 18) एकत्र 20) विजय नगर के राजा कृष्णदेव राय का एक हंसोड़ दरबारी, जिसके अनेक किस्से प्रसिद्ध है 22) अशुभ 24) चुगली करना अर्थवाला एक मुहावरा 26) झुका हुआ 28) साहसपूर्वक रुकना या अड़े रहना 29) शेषनाग 30) सोने का या सोने के से रंगवाला 31) तरीका 33) 'लक्ष्मण' का अपभ्रंश 35) फूलों के खिलने का मौसम, मजा 37) कठोर, कड़ा 39) ताकत 40) धनवान 42) जनानखाना 43) दशा, समाचार 45) ललाट या माथेपर चन्दनादि का बनाया हुआ चिन्ह 46) दया 48) उत्तराधिकारी 50) तिरस्कार करते या दूर हटाते हुये अलग करना 53) फिल्म अभिनेता संजय दत्त की मां का नाम 55) दोनों हाथों से ताली बजाने का शब्द 58) विध्वंस 60) केश 61) युद्ध जीतनेवाला 63) ले आना 64) सहन करना 66) हमेशा 68) दुर्घटना 71) कामदेव 72) झंडे आदि को लहराना 73) होशियार 75) मां का भाई 76) दुराग्रह, जिद, दृढ प्रतिज्ञा 77) समान होने का भाव, बराबरी 79) खोज, आविष्कार (उर्दू) 82) पवन 83) आदमी के कद के बराबर 85) खलबली, हलचल 87) लवण 88) हंसोड़ 90) मगिनी 91) सप्ताह का एक दिन 93) भ्रान्ती, गलत धारणा 95) तपाया हुआ मख्खन 96) वारिसों में बाटा जानेवाला धन 97) न टूटनेवाला 99) एक किस्म का कीमती व उत्कृष्ट चांवल 102) कपोल 103) झगड़ा 105) अमूक 107) एक श्वासरोग 108) स्वप्न 110) लगभग 112) एक फूल का नाम 114) जमावड़ा 116) चैत्र और आश्विन की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक के नौ दिन और नौ रातें 117) बीमारी 118) पुरानी परंपराओं का पालन करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 119) गीला

Aij I: uhp: –1) सिक्खों के नवें गुरु 2) ठहराना, अपने अधिकार में टिकाना 3) लज्जाजनक 4) परत, तल, पेंदी 5) भारत रत्न, पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करनेवाली एक ज्येष्ठ और श्रेष्ठ गायिका 6) एक फूल 7) पराजय 9) दिल्ली का एक प्रसिद्ध कारागार 10) परस्त्री 11) विश्वास 12) बादशाह का मुकूट, ताजमहल का संक्षिप्त नाम 14) बड़ा 16) मन हरनेवाला 19) नवनीत 21) नेता (अंग्रेजी) 22) आकलन न होने की अवस्था 23) मूर्छा 24) श्रवणेन्द्रिय 25) हित 27) खड्ग 30) संधी, समझौता 32) दया आना 34) एक किस्म की सुगंधित घास 36) दशा 38) कामदेव की पत्नी 39) वर्षा होना 41) आरुढ 44) पांव, पैर 47) उद्देश 49) एक अत्यन्त महीन वस्त्र 51) करनेवाला अर्थ का एक प्रत्यय 52) नात्सीवाद, जर्मनी का जनतंत्र विरोधी एक प्रमुख सिद्धान्त 54) शिकायत (उर्दू) 56) जीवनयापन का स्तर 57) व्यंग, चुटीली बात 59) एक वाद्य 60) पश्चात 62) आर्द्र 65) विवाहिता 67) बकवाद 69) बेटी का पति 70) सब, सारा 71) संतों – साधुओं का निवास 72) कलाकार 73) गुजरात का एक प्रमुख शहर 74) रामायण में कैकयी की चुगलखोर दासी 76) सीमा 78) सामान या सम्पत्ती 80) प्राण 81) दम घुटानेवाला 83) चुगली करना या उकसाना अर्थवाला एक मुहावरा 84) झगडालू 85) तहसील का एक प्रमुख अधिकारी 86) वेश्या 89) समाप्त 92) प्रस्थान 94) किसी वस्तु के नीचे का भाग 97) बिना नामवाला 98) एक किस्म की खुली दो पहियोंवाली हलकी गाड़ी 100) बराबर 101) तृतीय क्रमांकवाला 104) शिबिका, एक प्रकार की सवारी (यान ) 106) शरमाना 109) खत 110) ऋण 111) ताकत, सामर्थ्य, शक्ति 112) क्षमा 113) किनारा 115) बादल ●
(जवाब अगले अंक में )

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | ब | ह | | म | र | दा | न | गी | | ना | श | | अ | क | ब | र | | वा | द | क |
| ल | ल | क | ना | | वा | ह | क | | कु | मा | र | | न | र | क | ट | | द | | ल |
| ह | वा | | का | म | | क | ल | क | त्ता | | मा | न | व | | ना | | अ | वि | ना | श |
| | न | र | म | द | ल | | | म | | खा | ना | | र | | | र | खा | वा | ला | |
| र | | सा | या | | | ल | ची | ला | प | न | | प | त | वा | र | | बा | द | | सु |
| क | र | त | ब | | द | गा | | प | र | दा | | ट | | र | स | दा | र | | शु | भ |
| म | जा | ल | | न | म | | प | ति | | न | म | क | | दा | ना | | न | शा | | द्रा |
| | मं | | सि | ट | क | नी | | त्रि | या | | का | ना | | त | | न | वी | न | ता | |
| म | दी | ना | | ख | ल | ल | | पा | न | दा | न | | त | | ब | र | स | | ला | श |
| द | | लं | प | ट | | म | रा | ठी | | य | | भ | र | त | | गि | | अं | ब | र |
| द | म | दा | र | | कौ | | धा | | ह | र | म | | का | | ह | स | र | त | | ब |
| गा | न | | ख | ब | र | दा | र | | थ | | त | क | री | ब | न | | ह | रा | र | त |
| र | मा | ना | | दी | व | द | म | न | गो | वा | | ब | | र | न | | ब | ल | वा | |
| | नी | य | त | | | र | ण | | ला | लि | मा | | ना | क | | पा | र | | न | दी |
| कं | | क | ला | बा | ज | | | दे | | द | ख | ल | | रा | जी | व | | न | गी | ना |
| स | जा | | क | र | | ऐ | रा | व | त | | न | ट | व | र | | न | र | मी | | र |

anumeya-08446302691





जग प्रेरणा

# व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## रुपया 60 पैसे चढ़कर 94.58 प्रति डॉलर पर



मुंबई, (भाषा)।

***रुपया सोमवार को 60 पैसे की बढ़त के साथ डॉलर के मुकाबले 94.58 पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता होने की घोषणा करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से रुपये को समर्थन मिला।***

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत शुरुआत और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने भी रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.70 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.45 से 94.77 के दायरे में कारोबार करता रहा। अंत में यह 94.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 60 पैसे की बढ़त है।

रुपया शुक्रवार को 67 पैसे की तेजी के साथ 95.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान ने 107 दिन तक चले युद्ध को समाप्त करने और वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमति जताई है। इस समझौते को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर के बाद शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर रविवार को इसकी घोषणा की। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर दबाव कम हुआ। अधिकारियों के अनुसार, शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में औपचारिक तौर पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, '' वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की प्रवृत्ति में वृद्धि और अमेरिकाङ्क ईरान समझौते के बीच भारतीय रुपया लगातार दूसरे दिन मजबूत हुआ। इससे वैश्विक जोखिम वाली परिसंपत्तियों में तेज उछाल आया और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट ने भी रुपये को समर्थन दिया।''

उन्होंने बताया कि डॉलर के मुकाबले रुपये के हाजिर भाव के मंगलवार को 94.20 से 94.95 के बीच रहने के आसार हैं।

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.65 पर रहा।

घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 4.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82.99 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध लिवाल बन गये और उन्होंने सोमवार को 200.05 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

इस बीच, देश में थोक मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 9.68 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 8.26 प्रतिशत थी। ईंधन व बिजली, विनिर्मित उत्पादों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।

## भारतीय एलएनजी पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकला, 18 जून को भारत पहुंचेगा..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय ध्वज वाला एलएनजी जहाज 'दिशा' तीन महीने से अधिक समय बाद युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकलने वाला पहला भारतीय जहाज बन गया है।***

भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड (एससीआई) की अगुवाई वाले समूह द्वारा प्रबंधित यह जहाज 62,370 टन एलएनजी लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आगे बढ़ चुका है। यह अमेरिका-ईरान के बीच प्रारंभिक युद्धविराम समझौते के बाद इस जलडमरूमध्य से गुजरने वाले शुरुआती वाणिज्यिक जहाजों में से एक है।

पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, ÷एलएनजी पोत 'दिशा' सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है और यह 62,370 टन एलएनजी लेकर आ रहा है। इसके 18 जून को भारत के दहेज बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना है।÷

मंत्रालय ने कहा कि नौवहन महानिदेशालय भारतीय नाविकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावासों, पोत परिवहन कंपनियों और अन्य हितधारकों के साथ लगातार समन्वय में है।

कतर से मालढुलाई के लिए पेट्रोनेट एलएनजी द्वारा चार्टर पर लिया गया जहाज 'दिशा' पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान जलडमरूमध्य में फंस गया था। लेकिन इसने भारत के लिए अपनी यात्रा फिर से शुरू की है।

शर्मा ने कहा कि अब तक 10 भारतीय और पांच विदेशी जहाजों समेत कुल 15 पोत इस रणनीतिक जलमार्ग को सुरक्षित पार कर चुके हैं और एलएनजी पोत के भारत पहुंचने वाला अगला जहाज होने की संभावना है।

उन्होंने महीने की शुरुआत में एक टैंकर से जुड़ी घटना पर टिप्पणी करते हुए जहाज की पहचान 'बोकेम मारेंगो' के रूप में की, जो हांगकांग के ध्वज वाला तेल एवं रसायन टैंकर है।

शर्मा ने कहा, ÷जहाज पर सवार सभी भारतीय सुरक्षित हैं। चालक दल के किसी सदस्य को कोई चोट नहीं आई है और न ही कोई अन्य अप्रिय घटना हुई है।÷

उन्होंने बताया कि मंत्रालय संकट में फंसे भारतीय नाविकों के मामलों को भी संभाल रहा है और जरूरत पड़ने पर स्थानीय एजेंट की नियुक्ति सहित सहायता तंत्र सक्रिय किया गया है।

एक मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक जहाज 14 जून को तट पर पहुंचा, जहां एक मृत नाविक के पार्थिव शरीर को भारत भेजने के लिए पहले ओमान ले जाया गया।

शर्मा ने कहा कि व्यापक खाड़ी क्षेत्र में फिलहाल करीब 18,000 भारतीय नाविक कार्यरत हैं। नाविकों और उनके परिवारों के लिए 24 घंटे की हेल्पलाइन संचालित है, जबकि अब तक 3,500 से अधिक नाविकों को सुरक्षित स्वदेश लाया जा चुका है।

मंत्रालय के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में संचालित भारतीय ध्वज वाले जहाजों पर करीब 325 भारतीय नाविक तैनात हैं, जबकि इस क्षेत्र में फिलहाल 13 भारतीय जहाज मौजूद हैं।

मंत्रालय के मुताबिक, स्थापित नियंत्रण कक्ष ने पिछले 96 घंटों में 12,737 कॉल और 28,299 से अधिक ईमेल का निपटान किया है। इस दौरान नाविकों, उनके परिवारों और अन्य समुद्री हितधारकों से 406 कॉल और 784 ईमेल प्राप्त हुए।

शर्मा ने कहा कि मंत्रालय विदेश मंत्रालय सहित सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय में स्थिति पर करीबी निगाह रखे हुए है और हालात में बदलाव के अनुसार आगे भी जानकारी साझा करता रहेगा।

## वेदांता समूह की चार कंपनियां बाजार में सूचीबद्ध, बिकवाली का रहा दबाव




नई दिल्ली, (भाषा)।

***वेदांता समूह की चार अलग की गई कंपनियों- वेदांता एल्युमिनियम मेटल, वेदांता पावर, वेदांता ऑयल एंड गैस और वेदांता आयरन एंड स्टील ने सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में अपने सफर की शुरुआत की।***

बीएसई पर वेदांता एल्युमिनियम मेटल का शेयर 527 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, लेकिन बाद में यह पांच प्रतिशत गिरकर 500.65 रुपये के निचले सर्किट पर आ गया।

वेदांता पावर का शेयर 41.30 रुपये पर सूचीबद्ध होकर 43.35 रुपये तक चढ़ गया। लेकिन कारोबार के अंत में 0.84 प्रतिशत नुकसान के साथ 40.95 रुपये पर बंद हुआ।

वेदांता ऑयल एंड गैस 39 रुपये के भाव पर खुला और पांच प्रतिशत गिरकर 37.05 रुपये के निचले सर्किट तक पहुंच गया।

वहीं, वेदांता आयरन एंड स्टील का शेयर 22.25 रुपये पर सूचीबद्ध होकर 5.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21.05 रुपये पर बंद हुआ।

वेदांता लिमिटेड से अलग होकर गठित इन चारों कंपनियों के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर भी सूचीबद्ध हुए। वेदांता एल्युमिनियम मेटल 522 रुपये, वेदांता पावर 41.80 रुपये, वेदांता ऑयल एंड गैस 38 रुपये और वेदांता आयरन एंड स्टील 20 रुपये प्रति शेयर पर खुले। हालांकि, सत्र के अंत में अधिकांश शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

वेदांता ने कहा कि अलग कंपनियों के रूप में सूचीबद्ध करने का कदम कारोबार को क्षेत्र-विशेष पर केंद्रित कर मूल्य बढ़ाने और स्वतंत्र इकाइयों को मजबूत बनाने की रणनीति का हिस्सा है। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने चार कंपनियों की सूचीबद्धता को ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा, ''भविष्य की अर्थव्यवस्था में खनिज, धातु और ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ेगी और नई कंपनियां इस मांग-आपूर्ति अंतर को कम करने में अहम भूमिका निभाएंगी।''

बीएसई पर बाजार पूंजीकरण के लिहाज से वेदांता एल्युमिनियम मेटल का मूल्यांकन करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये, वेदांता पावर का 16,013 करोड़ रुपये, वेदांता ऑयल एंड गैस का 14,487 करोड़ रुपये और वेदांता आयरन एंड स्टील का 8,231 करोड़ रुपये रहा।

समूह की प्रमुख सूचीबद्ध कंपनी वेदांता लिमिटेड पहले की तरह बनी रहेगी।

## विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख के बीच अधिक तेल-तिलहन के दाम टूटे



नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिका-ईरान के बीच समझौते का मार्ग प्रशस्त होने के बीच सोमवार को स्थानीय कारोबार में मूंगफली छोड़कर लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट दर्ज हुई। सबसे सस्ता होने के बावजूद मांग कमजोर रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।***

मलेशिया एक्सचेंज दोपहर 3.30 बजे गिरावट के साथ बंद हुआ। जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में लगभग 1.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट है।

इस बीच, सरकार ने कच्चे पामतेल (सीपीओ) का आयात शुल्क मूल्य 22 रुपये क्विंटल, पामोलीन का 59 रुपये क्विंटल तथा सोयाबीन डीगम का आयात शुल्क मूल्य छह रुपये क्विंटल बढ़ाया है।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशी बाजारों में खाद्य तेल-तिलहनों के दाम टूटने के अलावा रुपये के मजबूत बंद होने से भी गिरावट को बल मिला। देश में विदशों से सोयाबीन का आयात बढ़ने की भी खबर है और ज्यादातर आयात का माल महाराष्ट्र पहुंचेगा। महाराष्ट्र में प्लांट वालों ने सोयाबीन के खरीद दाम में 150-200 रुपये क्विंटल की कमी की है जिससे सोयाबीन तेल-तिलहन में गिरावट है।

उन्होंने कहा कि ऊंचे दाम पर मांग कमजोर रहने से सरसों तेल-तिलहन में भी गिरावट रही। मलेशिया एक्सचेंज की गिरावट के कारण पाम-पामोलीन तेल में भी गिरावट आई। बाजार धारणा प्रभावित रहने के कारण बिनौला तेल के दाम भी गिरावट के साथ बंद हुए।

सूत्रों ने कहा कि मूंगफली तेल, सूरजमुखी से भी सस्ता हो गया है। लेकिन मांग काफी कमजोर रहने और बाजार धारणा नकारात्मक रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। उन्होंने कहा कि आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत है इसके लिए देशी तेल-तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के अलावा इनका देश में बाजार भी विकसित करना होगा।

इससे ना सिर्फविदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि देशी तेल का उत्पादन बढ़ने से खाद्य तेल-तिलहनों के दाम भी कम होंगे जैसा हाल के दिनों में सरसों, मूंगफली के मामले में अनुभव किया गया।

विदेशी खाद्य तेलों की महंगाई से निपटने में सरसों, मूंगफली के बढ़े हुए उत्पादन के कारण काफी मदद मिली थी।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को सही लाभकारी दाम सुनिश्चित करे और बाकी सुविधायें उपलब्ध करा दे, किसान खुद ही तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने और बाजार को सुव्यवस्थित कर देने की क्षमता रखते हैं।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,650-7,675 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,575-7,150 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,480 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,460-2,760 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,580-2,680 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,580-2,725 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,900 रुपये प्रति क्विंटल।


सीपीओ एक्स-कांडला- 13,400 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,900 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,250 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,900-6,950 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 6,750-6,825 रुपये प्रति क्विंटल।

## देश का निर्यात मई में छह माह के उच्च स्तर 45.2 अरब डॉलर पर, व्यापार घाटा बढ़ा..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश का निर्यात मई में 18 प्रतिशत बढ़कर छह महीने के उच्च स्तर 45.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वहीं कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में वृद्धि से व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर तक बढ़ गया।***

मासिक आधार पर हालांकि व्यापार घाटा अप्रैल के 28.38 अरब डॉलर से मामूली घटा है। पिछले वर्ष मई में व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर था।

आयात मई में सालाना आधार पर 20.6 प्रतिशत बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 73.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में व्यापार घाटा और बढ़ गया।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मई के आंकड़े 'सबसे अधिक मासिक निर्यात आंकड़ों में से एक' हैं और रुझान को देखते हुए यह वर्ष निर्यात के लिए अच्छा रहेगा।

निर्यात में योगदान देने वाले प्रमुख क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग वस्तुएं एवं औषधि हैं। अप्रैल-मई के दौरान निर्यात 16.09 प्रतिशत बढ़कर 88.91 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 15.14 प्रतिशत बढ़कर 145.35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। व्यापार घाटा 56.44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में सोने का आयात 60 प्रतिशत बढ़कर 9.04 अरब डॉलर तक पहुंच गया। कच्चे तेल का आयात 16.5 प्रतिशत बढ़कर 41.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष मई में पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात लगभग पिछले वर्ष के समान स्तर पर पहुंच गया, जबकि उस क्षेत्र में व्यवधान बने रहे।

भारत का पश्चिम एशिया को निर्यात मई में मामूली घटकर 5.30 अरब डॉलर रहा, जबकि मई 2025 में यह 5.38 अरब डॉलर था। भारत ने इस क्षेत्र में निर्यात बढ़ाने के लिए ओमान के तीन बंदरगाहों (दुक्म, सोहर तथा सलालाह) का इस्तेमाल किया है।

यह आंकड़ा ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ 107 दिन चले युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता होने की घोषणा की है। इस युद्ध की वजह से वैश्विक ऊर्जा संकट खड़ा हो गया था। संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य सहित अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्रों में जहाजों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई थी।

इस शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस बीच, सरकारी अनुमान के अनुसार मई में सेवाओं का निर्यात 36.76 अरब अमेरिकी डॉलर और आयात 19.06 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।




## लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग का आईपीओ 17 जून को खुलेगा, मूल्य दायरा 21-23 रुपये प्रति शेयर

मुंबई, (भाषा)।

***लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 21-23 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ बुधवार को खुलेगा। एक बयान में यह जानकारी दी गई है।***

कंपनी के एक बयान में कहा गया है कि 88.51 करोड़ रुपये के आईपीओ में 79.60 करोड़ रुपये के लगभग 3.46 करोड़ इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और 8.91 करोड़ रुपये के लगभग 38.75 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। आईपीओ सदस्यता के लिए 17 जून, 2026 को बीएसई एसएमई मंच पर खुलेगा और 19 जून, 2026 को बंद होगा। बयान में कहा गया है कि बेंगलुरु मुख्यालय वाली इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और कमीशनिंग (ईपीसीसी) कंपनी ने 384 करोड़ रुपये से अधिक की ऑर्डर बुक बनाई है। इसमें 327 करोड़ रुपये से अधिक की निर्यात परियोजनाएं शामिल हैं।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# देश में लोकतंत्रिक मूल्य खतरे में, पार्टी कार्यकर्ता आंदोलन के लिए रहे तैयार- हीना कावरे







जगप्रेरणा लांजी।

***भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठनात्मक विस्तार और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोडने के उद्देश्य से 15 जून 2026 को कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन नगर के सिद्धेश्वर मंगल भवन में दोपहर 12 बजे से आयोजित***

किया गया। बतादे कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा चलाये जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत यह कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है जिसमें कांग्रेस की पंचायत स्तर पर कमेटी गठित कर पदाधिकारियों को सक्रियता प्रदान करने के लिये तथा कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिये नियुक्त किया गया है। इस सम्मेलन में इन नव नियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष के हस्ते नियुक्त प्रदान किया गया।

आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में मंचासीन सुश्री हिना कावरे राष्ट्रीय सचिव अ.भा. कांग्रेस कमेटी पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष मप्र, संजय उइके अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट, शाहजहां बेग, सफखत खान संगठन मंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, देवेंद्र खोंगल उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, अर्चना खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत, अजय अवसरे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, ज्योति उमरे जिला पंचायत सदस्य, मनीष भिमटे सचिव जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट, युसूफपटेल अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी किरनापुर, रेवाजी कराहटकरे अध्यक्ष लांजी, ऋषि पटेल दशरिया अध्यक्ष बहेला, प्रमोद अग्रवाल, सौरभ मोनू पशीने शहर कांग्रेस अध्यक्ष, मनीष जूझार विधानसभा अध्यक्ष, ललीत कबीरे सरपंच संघ अध्यक्ष, खेमचंद दानी, जनपद सदस्य दिनेश लाड़े, ओंकार बाबा रहांगडाले, मनीषा धारणे जिला महासचिव, पार्षद पूनम आसटकर, चेतना कुर्राहे, मीरा सिंघनधुपे, अलका श्रीवास्तव, अनुसया जोशी, रीता रावते, अफसाना अंसारी, हिम्मतलाल गढ़वंशी, रूपचंद रावते, अनिल गिरिया, मुकेश जोशी, डॉ राजेन्द्र बिसेन, प्रेमलाल हाथीमारे, अनमोल तिडक़े, शरद आसटकर, अमन श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिती में महात्मा गांधी जी एवं डॉ बाबा साहेब आंबेडकर जी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मंच को संबोधित करते हुये जिला अध्यक्ष संजय उइके ने कहा कि आज देश में लोकतांत्रिक मूल्य खतरे मे है केन्द एवं राज्य की सरकार चुने हुये जनप्रतिनिधियों को जनप्रतिनिधि नही समझती है। इसी कड़ी मे वर्तमान समय में राज्य सभा सांसद पद के लिये मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होना लोकतांत्रिक परंपरा विपरित बताते हुये कांग्रेस विधायक दल द्वारा दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के बहार किये गये संघर्ष का विवरण किया।

वहीं आगामी समय के लिये सभी कार्यकर्ता आंदोलन के लिये तैयार रहे सडक़ से लेकर सदन तक आंदोलन किये जायेंगे। इसी कड़ी में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री हिना कावरे के द्वारा कहा गया कि आज संपूर्ण भारत वर्ष में लोकतांत्रिक व्यवस्था खतरे मे है देश में चुनावी प्रक्रिया पूर्णतः अलोकतांत्रित हो रही है। कही पर भी चुनाव आयोग के द्वारा विपक्ष के प्रत्याशी को किसी भी प्रकार से परेशान करने मे कोई कसर नही छोड रहा है। क्षेत्र की म्मुद्दो को लेकर कहा कि आज लांजी विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार एवं कमीशन खोरी चरम सीमा पर है। सर्वाधि भ्रष्टाचार स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग में दिखाई दे रहा है।

क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विधायक को भी जमकर आड़े हाथो लिया जिसमें प्रमुख रूप शासकीय निर्माण कार्यो में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। रेत की सर्वाधिक कमी के चलते सभी निर्माण कार्य रूके हुये जिस पर विधायक को ध्यान देना चाहिये लेकिन वे समाधान करने में पूर्णतः असफल नजर आ रहे है। उन्होने यह भी कहा कि मजदूरो को रोजगार ना मिल पाना चिंता का विषय है। सरकार के द्वारा मनरेगा को खत्म कर नया कानून लाया गया उस पर भी मजदूरो को अभी तक एक भी दिन का कार्य नही मिला है आगामी समय में जब कांग्रेस सत्ता पर आयेगी तो मनरेगा योजना दोबारा प्रारंभ किया जायेगा।

लाडली बहना योजना से वंचित लाभार्थि बहनो को सडक़ पर आकर अपनी मांग या अपना पक्ष शासन के सामने रखना चाहिये पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ है। इसके संगठन सृजन अभियान को लेकर भी कार्यकर्ताओ में जोश भरा गया तथा सभी वक्ताओं मंच से मुखर होकर आंदोलन किये जाने की बात कही, हमे अब सडक़ो पर उतरकर इस गुंगी बहरी सरकार को चेताना होगा। मंच को प्रमुख रूप देवेन्द्र खोंगल,अजय अवसरे, ऋषि पटेल दशरिया, रेवाजी करहाटकरे, ज्योति ईश्वर उमरे, शाहजहां बेग, ललित कबीरे, यूसूफ पटेल, शफकत खान, मनीष भिमटे, अनील गिरीया, ओंकार रहांगडाले के द्वारा संबोधित किया गया।

मंच संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने के द्वारा किया गया। मंच के अंतिम दौर में कांग्रेस की विचार धारा को जन जन तक पंहुचाने के साथ ही ग्राम स्तर कांग्रेस का मजबूत करने का संकल्प लिया गया। अंत में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियो को नियुक्त पत्र प्रदान कर बधाई प्रेषित की तथा सभी पदाधिकारियों ने पार्टी हित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जो कि संगठन सृजन अभियान के जिला प्रभारी थी सूरज हेगड़े जिनका कुछ दिनो पूर्व ही स्वर्गवास हुआ था सभी कांग्रेसजनों ने मिलकर भावपूर्ण श्रृद्धांजलि अर्पित कर दो मीनट का मौन धारण किया जाकर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गये।

# सदगुरू कबीर साहेब प्रगट उत्सव पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन..







जगप्रेरणा किरनापुर।

***क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिर्री के बाजार चौक में तीन दिवसीय सदगुरू कबीर साहेब प्रगट उत्सव का आयोजन 13 से 15 जून तक बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से सम्पन्न***

किए गए। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों मे 13 जून को सांध्य बेला मे संध्यापाठ एवं सत्संग भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। तथा 14 जून को सुबह 6 बजे से गुरू महिमा,7 बजे से प्रभातफेरी एवं कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या मे श्रद्धालु भक्तजन शामिल हुए तथा शोभायात्रा पश्चात् कबीर साहेब की प्रतिमा स्थापना कर संध्यापाठ, सत्संग भजन आयोजित किए गए। उसी प्रकार 15 जून को सुबह 6 बजे से गुरू महिमा पश्चात् सत्संग भजनसम्पन्न कराए गए।

तथा पूज्य महंत हरीशदास जी साहेब एवं पूज्य महंत प्रीत कावरे द्वारा कबीर साहेब द्वारा जीवन की सच्चाई पर आधारित प्रवचन से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। वही कार्यक्रम मे सात्विक यज्ञ आनंदी चौका, आरती कर महाप्रसाद वितरण एवं भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने मे सदगुरू कबीर सेवा समिति ग्राम हिर्री अध्यक्ष दिलीप बिरनवार, उपाध्यक्ष रविन्द्र बिरनवार, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र बिरनवार, सचिव पियूष बिरनवार, सह सचिव बबलू बिरनवार, आशीष, ललित, लक्की, दीपक हर्ष, शंकर, पंकज, दादू, प्रवीण बिरनवार सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# ग्राम कनकी में महिलाओं एवं किशोरियों को नि:शुल्क सामाग्री वितरित..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट द्वारा संचालित 'हमारी किशोरी, हमारा आधार' अभियान के अंतर्गत ग्राम कनकी में 15 जून को निःशुल्क सामाग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनसहयोग से संचालित इस अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं किशोरियों को आवश्यक स्वास्थ्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि जागरूकता बढ़ाना और महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

समिति द्वारा वर्षों से निरंतर संचालित इस सेवा अभियान से अनेक जरूरतमंद बहनों और बेटियों को लाभ मिल रहा है। इससे न केवल उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, बल्कि आत्मविश्वास और सम्मान की भावना भी सुदृढ़ हो रही है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल केवल सेनेटरी पैड वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वाभिमान और गरिमा की रक्षा के लिए किया जा रहा एक सतत सामाजिक प्रयास है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान जागरूकता और संवेदनशीलता का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इस अवसर पर समिति ने सभी दानदाताओं, शुभचिंतकों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही सेवा का यह कारवां निरंतर आगे बढ़ रहा है और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का कार्य सफलतापूर्वक जारी है।

# सारी गर्मी बीत गई पर छोटी बाघ नदी के पुल के दोनों ओर मरम्मत करना भूले जिम्मेदार..







## दरारे खोल रही गुणवत्ता की पोल..

जगप्रेरणा लांजी।

***नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज करने और आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र विकास योजना (एलडब्ल्यूई) के अंतर्गत लांजी-आमगांव मार्ग पर ग्राम कारंजा में छोटी बाघ***

नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया गया था। रायपुर (छत्तीसगढ़) की सुंदरानी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा निर्मित इस परियोजना को क्षेत्र की जीवनरेखा के रूप में प्रचारित किया गया था, लेकिन निर्माण के दो वर्षों बाद ही इसकी पहुंच मार्ग सड़क की स्थिति चिंता का विषय बनती जा रही है। बरसात शुरू होने से पहले ही पुल के दोनों ओर की सड़क में दरारें और धंसाव दिखाई देने लगा है, जिससे राहगीरों में दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। हैरानी की बात यह है कि यह समस्या पहली बार सामने नहीं आई है।

पिछले वर्ष भी मानसून के दौरान पुल की पहुंच मार्ग सड़क का एक हिस्सा धंस गया था। सड़क क्षतिग्रस्त होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी थी और आवागमन प्रभावित हुआ था। उस समय लोक निर्माण विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण एजेंसी को मरम्मत के निर्देश दिए थे, जिसके बाद आनन-फानन में सड़क की मरम्मत और किनारों पर सुरक्षा कार्य कराए गए थे। लेकिन एक वर्ष भी नहीं बीता कि अब सड़क के दूसरे हिस्से में लंबी और गहरी दरारें उभर आई हैं। एप्रोच सड़क पर उभर रही ये दरारें केवल सड़क में नहीं हैं, बल्कि उस निगरानी व्यवस्था में भी दिखाई दे रही हैं, जो खतरे के संकेत सामने आने के बाद भी अक्सर कार्रवाई से पहले इंतजार करना ज्यादा उचित समझती है।

## पिछले साल का सबक भी भूल गए जिम्मेदार..

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पिछले वर्ष हुए धंसाव के बाद पूरी पहुंच मार्ग सड़क का तकनीकी परीक्षण कराया गया होता और स्थायी समाधान निकाला गया होता, तो आज दोबारा यह स्थिति निर्मित नहीं होती। लेकिन मरम्मत केवल प्रभावित हिस्से तक सीमित रही और व्यापक जांच की जरूरत महसूस नहीं की गई। परिणामस्वरूप अब सड़क के दूसरे छोर पर भी धंसाव और दरारों के संकेत दिखाई देने लगे हैं। मौके पर देखने से स्पष्ट होता है कि पुल की संरचना सुरक्षित है, लेकिन उससे जुड़ी पहुंच मार्ग सड़क के किनारे कई स्थानों पर फटने लगे हैं। सड़क के बाहरी हिस्से में लंबी दरारें दिखाई दे रही हैं, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि बरसात के दौरान पानी का दबाव बढने् पर धंसाव और तेज हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## पुल और सड़क के जोड़ पर बढ़ रही परेशानी, वाहन खा रहे हिचकोले..

एक अन्य गंभीर समस्या पुल और सड़क के मिलान बिंदु पर दिखाई दे रही है। यहां सड़क का स्तर नीचे बैठने लगा है, जिसके कारण वाहन पुल पर चढ़ते और उतरते समय झटके खाने को मजबूर हैं। भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान यह समस्या और अधिक महसूस होती है। राहगीरों का कहना है कि यह केवल असुविधा का विषय नहीं, बल्कि भविष्य में बड़े नुकसान का संकेत भी हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और निगरानी की व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित दिखाई देती है।

यदि समय-समय पर निरीक्षण किया जाता और निर्माण एजेंसी को रखरखाव के लिए जवाबदेह बनाया जाता, तो सड़क की यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। लोगों का कहना है कि समस्या सामने आने के बाद कार्रवाई करना आसान है, लेकिन समय रहते उसे रोकना ही असली जिम्मेदारी है।

## गायब शिलालेख के पत्थर ने बढ़ाई रहस्य की परत

पुल के एक छोर पर निर्मित शिलालेख भी अब चर्चा का विषय बना हुआ है। जिस पट्टिका पर निर्माण लागत, निर्माण एजेंसी, कार्य अवधि और विभागीय जानकारी अंकित होनी चाहिए थी, वह लगाया ही नहीं गया। अब वहां से कोई जानकारी पढ़ी नहीं जा सकती। राहगीरों का कहना है कि यदि शिलालेख लगाया गया था तो उसकी जानकारी कहां गायब हो गई, और यदि नहीं लगाया गया था तो आखिर क्यों नहीं लगाया गया? ग्रामीणों और राहगीरों ने मांग की है कि लोक निर्माण विभाग तत्काल तकनीकी दल भेजकर पहुंच मार्ग सड़क की जांच कराए, धंसाव और दरारों के कारणों का पता लगाए तथा निर्माण एजेंसी से स्थायी और गुणवत्तापूर्ण सुधार कार्य कराए। लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष की घटना के बाद भी यदि जिम्मेदार सबक नहीं लेते हैं तो भविष्य में होने वाली किसी भी दुर्घटना की जवाबदेही तय होना चाहिए।

## बोले एसडीओ अर्जुन सनोडिया..

निर्माण एजेंसी को पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है, अभी पुल और एप्रोच सड़क की देखरेख भी कंस्ट्रक्शन कंपनी के ही जिम्मे है, आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, शीघ्र ही मरम्मत के लिये निर्देशित किया जाएगा।

# सर्रा नाली निर्माण के गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल, सरपंच की कार्यप्रणाली कटघरे में





**जगप्रेरणा लांजी।**

जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्रा के सरपंच श्रीराम आचरे विकास कार्यों की आड़ में लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। 15वें वित्त आयोग की टाइड मद 2026-27 के तहत दुलीचंद आचरे के मकान से परसू के मकान तक 5.36 लाख रुपये की लागत से पक्की नाली निर्माण का कार्य 28 मई 2026 से शुरू हुआ था, लेकिन अब यह कार्य 'सरपंच का व्यक्तिगत विकास' साबित हो रहा है।

## सड़क से चिपकाकर नाली, पटरी गायब!


निर्माण शुरू में सीमेंट सड़क से 2-3 फीट पटरी छोड़कर हो रहा था, लेकिन जैसे ही तिराहे पर पहुंचा, सरपंच ने अचानक नियम बदल दिया। सड़क से बिल्कुल चिपकाकर नाली बनाई जाने लगी। ग्रामीणों और वार्ड पंचों का आरोप है कि सरपंच अपनी बाड़ी की जमीन को चौड़ा करने के लिए जानबूझकर ऐसा कर रहे हैं। वार्ड पंच सुरजेलाल पांचे, चैनसिंग पंद्रे और ताराबाई ने खुलकर कहाः जहां खाली जमीन है, वहां तीन फीट पटरी छोड़कर नाली बनानी चाहिए। लेकिन सरपंच अपने मकान के पास पटरी छोड़ने को तैयार नहीं हैं। साफ है कि अपनी सुविधा के लिए जनता के पैसों से नाली नहीं, अपनी बाड़ी बना रहे हैं। सरपंच श्रीराम आचरे ने कहा कि पूरे गांव में आबादी है, दोनों तरफजगह छोड़ने से विवाद होता है। फिर भी मैं अपनी तरफसे एक फीट जगह छोड़ने को तैयार हूं।'

## गुणवत्ता की कमी..

नाली निर्माण का काम स्वयं सरपंच के देखरेख में चल रहा है, जिसमें गुणवत्ता की गंभीर कमी दिख रही है। नाली का सतह (सर्फेस) असमान है। कांक्रीट वाल में बीच-बीच में ईंटें लगाई गई है जो स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। दीवारों पर तराई ठीक से नहीं होने के कारण पहले ही क्रैक (दरारें) आने लगी हैं। नीचे उचित बेस न डाले जाने से नाली जल्द खराब होने की आशंका है।

## नल जल योजना की पाइपलाइन भी बर्बाद..

सबसे गंभीर लापरवाही जेसीबी मशीन से खुदाई के दौरान हुई। सरपंच ने यह ध्यान तक नहीं रखा कि नीचे नल जल योजना की पाइपलाइन बिछी हुई है। ग्राम में नल जल योजना अभी शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन पाइपलाइन की लंबी दूरी तक खुदाई कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। ग्रामीणों में आक्रोश है कि विकास के नाम पर पैसा खर्च हो रहा है, लेकिन काम न तो गुणवत्तापूर्ण है और न ही नियमों के अनुसार। सरपंच अपनी सुविधा के हिसाब से नियम बदल रहा हैं। पंचों एवं ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से निर्माण कार्य की जांच कर नाली का निर्माण मानकों के अनुसार पूरा किये जाने की मांग की है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# चार साल पुराने मामले में प्रशासन की बड़ी कार्रवाईः राहुल मैरिज लॉन से हटाया अतिक्रमण, 65 डिसमिल शासकीय भूमि कराई मुक्त..





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***मुख्यालय परसवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफप्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में परसवाड़ा एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग ने ग्राम कुमनगांव स्थित राहुल मैरिज लॉन***

परिसर में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 65 डिसमिल शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से बाउंड्री वॉल, गेट एवं कमरों को ध्वस्त कर अवैध कब्जा हटाया गया।

प्रशासन की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बड़े अभियान की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि परसवाड़ा मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

जानकारी के अनुसार परसवाड़ा पंचायत अंतर्गत बीजाटोला के समीप संचालित राहुल मैरिज लॉन के संचालक द्वारा ग्राम कुमनगांव के खसरा नंबर 32 की शासकीय मद की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य किया गया था। भूमि के लगभग 65 डिसमिल हिस्से पर बाउंड्री वॉल एवं कमरों का निर्माण कर उसे मैरिज लॉन परिसर में शामिल कर लिया गया था।

गुरुवार को राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और अतिक्रमित भूमि का सीमांकन एवं चिन्हांकन किया गया। इसके बाद जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। कार्रवाई के दौरान लॉन का गेट, बाउंड्री वॉल तथा कमरे तोड़े गए और भूमि को शासकीय अभिलेखों के अनुसार कब्जा मुक्त कराया गया।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार पूर्णिमा भगत, राजस्व निरीक्षक चंद्रकिशोर काकोड़िया, आंचलिक पटवारी सहित राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में लोगों की भीड़ भी एकत्रित रही और दिनभर इस कार्रवाई की चर्चा होती रही।

## ढाई लाख रुपए मूल्य की भूमि कराई मुक्त

तहसीलदार पूर्णिमा भगत ने बताया कि ग्राम कुमनगांव के खसरा नंबर 32 की शासकीय भूमि के लगभग 65 डिसमिल हिस्से पर मीना कुमारी पति शिवकुमार डोंगरे द्वारा अतिक्रमण कर बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया था। इसी परिसर में राहुल मैरिज लॉन का संचालन किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए करीब ढाई लाख रुपए मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।

उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के आदेश पूर्व में जारी किए जा चुके थे, लेकिन विभिन्न कारणों से उन पर अमल नहीं हो पाया था। अब लंबित प्रकरणों की समीक्षा के बाद कार्रवाई की गई है।

## 15 जुलाई 2022 को जारी हुआ था आदेश

जानकारी के अनुसार इस प्रकरण में अतिक्रमण हटाने का आदेश 15 जुलाई 2022 को ही पारित कर दिया गया था। इसके बावजूद लंबे समय तक कार्रवाई नहीं होने से मामला लंबित रहा। लगभग चार वर्ष बाद हुई इस कार्रवाई को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है।

मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर कि क्या हाल के विवादों के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ है, तहसीलदार ने इस बात से इनकार करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पहले से चल रही थी और आदेश पूर्व में जारी किए जा चुके थे।

## मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट में

परसवाड़ा मुख्यालय, बीजाटोला और सेरपार सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों से अतिक्रमण तेजी से बढ़ा है। स्थानीय लोगों के अनुसार शासकीय भूमि, आबादी भूमि, छोटे झाड़ के जंगल और घास मद की भूमि पर भी अवैध कब्जों के मामले सामने आते रहे हैं।

क्षेत्र में शासकीय भूमि पर स्थायी निर्माण, आबादी भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियां तथा खाली स्थानों पर रातों-रात निर्माण किए जाने की शिकायतें लगातार मिलती रही हैं। कुछ स्थानों पर अवैध रूप से कमरों का निर्माण कर उन्हें किराए पर संचालित किए जाने की भी चर्चा है।

## एसडीएम बोले- शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाना प्राथमिकता

प्रशासन का कहना है कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना प्राथमिकता में शामिल है। परसवाड़ा एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इसी प्रकार लगातार कार्रवाई जारी रही तो मुख्यालय परसवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्थाओं में सुधार होगा और अवैध कब्जों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

# अधिवक्ता चुनेन्द्र बघेले ने बैहर में स्थायी सार्वजनिक खेल मैदान आरक्षित करने की उठाई मांग..



**जगप्रेरणा बैहर।**

***नगर परिषद क्षेत्र बैहर में बच्चों एवं युवाओं के लिए स्थायी सार्वजनिक खेल मैदान की मांग को लेकर चुनेन्द्र बघेले द्वारा नगर पालिका परिषद बैहर के अध्यक्ष यशवंती गुड्डा मरकाम को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।***

ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्य नगर परिषद अधिकारी एंव एसडीएम बैहर को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन में अधिवक्ता चुनेन्द्र बघेले ने उल्लेख किया कि नगर पालिका क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या एवं नगरीय विस्तार के बीच बच्चों, युवाओं तथा आम नागरिकों के खेलकूद, व्यायाम एवं सामाजिक गतिविधियों हेतु पर्याप्त सार्वजनिक खेल मैदान का अभाव बना हुआ है। पूर्व में क्षेत्र की निजी खाली भूमि का उपयोग स्थानीय नागरिक खेलकूद एवं सार्वजनिक गतिविधियों के लिए करते थे, किंतु वर्तमान में निजी भूमि पर प्लाटिंग हो जाने के कारण खेल मैदान की समस्या गंभीर हो गई है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि नगर क्षेत्र की कुछ शासकीय भूमि पर संभावित अथवा क्रमिक अतिक्रमण की स्थिति निर्मित हो सकती है। यदि समय रहते ऐसी भूमि को सार्वजनिक उपयोग हेतु सुरक्षित एवं आरक्षित नहीं किया गया तो भविष्य में स्थायी अतिक्रमण की आशंका बढ़ जाएगी, जिससे नगरवासियों एवं आने वाली पीढ़ियों के हित प्रभावित हो सकते हैं।

अधिवक्ता चुनेन्द्र बघेले ने प्रशासन से मांग की है कि नगर पालिका क्षेत्र की उपयुक्त शासकीय भूमि का राजस्व अभिलेखों के आधार पर परीक्षण एवं सीमांकन कराया जाए तथा उसे स्थायी रूप से ÷सार्वजनिक खेल मैदान (क्ष्घ्ड्ड4 तह्म्श्वह्वठ्ठस्र)÷ के रूप में आरक्षित घोषित किया जाए। साथ ही किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण या भू-उपयोग परिवर्तन पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी की गई है।

ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया कि आवश्यक होने पर प्रशासन स्थल निरीक्षण कर स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में प्रतिवेदन तैयार कर शीघ्र जनहित में निर्णय ले, जिससे बच्चों एवं युवाओं को खेलकूद हेतु सुरक्षित एवं स्थायी स्थान उपलब्ध हो सके।

ज्ञापन में गणेश प्रसाद धुर्वे, पियूष तोमर, हर्ष टेम्भरे, पारस सोनवाने एंव अन्य युवा उपस्थित रहें।

# परसवाड़ा - लामता मार्ग पर बड़ा हादसा टला, पेड़ से टकराई यात्री बस; सभी 50 यात्री सुरक्षित





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे परसवाड़ा-लामता मार्ग पर ग्राम जनमखार के पास एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। कौशल ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक***

एमपी 50 पी 0391 अचानक स्टेयरिंग फेल होने के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। हादसा गंभीर हो सकता था, लेकिन राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई और सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की। यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें तत्काल दूसरी बस की व्यवस्था कर उनके गंतव्य के लिए सुरक्षित रवाना किया गया।

प्रशासन ने बताया कि घटनास्थल पर स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है तथा दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। समय रहते किए गए राहत एवं बचाव कार्यों के कारण एक बड़ा हादसा टल गया।

# जनकल्याण शिविर या औपचारिकता? अंतिम दिन विभागों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक रहे नदारद..






**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जनकल्याण अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है।***

करोड़ों रुपये खर्च कर आयोजित किए जाने वाले ऐसे शिविरों का मकसद यही होता है कि ग्रामीणों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। लेकिन परसवाड़ा में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर इस उद्देश्य पर कितना खरा उतरा, यह बड़ा सवाल बनकर सामने आया है।

12, 13 और 15 जून को आयोजित इस खंड स्तरीय शिविर के समापन दिवस पर जो तस्वीर सामने आई, उसने शिविर की सफलता के दावों पर कई प्रश्नचिह्न लगा दिए। जिस शिविर का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना था, उसमें न तो दूरस्थ गांवों के ग्रामीणों की अपेक्षित भागीदारी दिखाई दी और न ही अधिकांश विभागों की सक्रिय उपस्थिति। समापन दिवस पर शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा ग्राम पंचायत विभाग के कुछ अधिकारी-कर्मचारी ही नजर आए। इसके अतिरिक्त कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। सवाल यह उठता है कि जब समस्या निवारण शिविर में ही संबंधित विभाग मौजूद नहीं होंगे तो आमजन की समस्याओं का समाधान आखिर कैसे होगा?

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी दबी जुबान स्वीकार किया कि उन्हें कार्यक्रम की पूर्व सूचना तक नहीं दी गई। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यदि क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही जानकारी नहीं मिलेगी तो वे जनता की समस्याओं को शिविर तक कैसे पहुंचाएंगे? इससे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की कमी भी उजागर होती है। कार्यक्रम में स्थानीय मीडिया की सीमित मौजूदगी भी कई सवाल खड़े करती है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को यदि ऐसे आयोजनों से दूर रखा जाए तो योजनाओं की पारदर्शिता और जमीनी हकीकत आमजन तक कैसे पहुंचेगी? यह भी चर्चा का विषय बना रहा कि समापन के दौरान जब मीडिया कर्मी शिविर स्थल पहुंचे तो कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी वहां मौजूद ही नहीं थे। जनपद अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे ने बताया कि प्रदेशभर में जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और सभी विभागों को लोगों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए थे। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनाराम उइके के अनुसार परसवाड़ा शिविर में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 75 का निराकरण किया जा चुका है और 19 आवेदन लंबित हैं। हालांकि परसवाड़ा जैसे बड़े जनपद क्षेत्र में मात्र 94 आवेदन प्राप्त होना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। क्या शिविर का पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं हुआ? क्या ग्रामीणों तक इसकी सूचना समय पर नहीं पहुंची? या फिर लोगों का ऐसे शिविरों पर भरोसा कम होता जा रहा है? यह ऐसे प्रश्न हैं जिनका जवाब जिम्मेदार विभागों को देना होगा। कागजों में शिविरों की सफलता और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर एक बार फिर परसवाड़ा में देखने को मिला। यदि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को वास्तव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है तो केवल शिविर आयोजित करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि विभागीय जवाबदेही, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी, व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति भी सुनिश्चित करनी होगी। अन्यथा जनकल्याण के नाम पर ऐसे आयोजन केवल सरकारी औपचारिकता बनकर रह जाएंगे।

# नगरीय निकाय एवं पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित

## अब फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

# जीपीएफ खातों की गुमशुदा कटौतियों के निराकरण के लिए 22 से 25 जून तक विशेष शिविर..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) खातों में दर्ज गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर विशेष जीपीएफ शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय, मध्य प्रदेश, ग्वालियर के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री अमित कुमार मरावी ने बताया कि शिविर का आयोजन 22 जून 2026 से 25 जून 2026 तक कलेक्ट्रेट भवन बालाघाट के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष के कक्ष क्रमांक 205 में किया जाएगा। शिविर के लिए सहायक कोषालय अधिकारी श्री यशवंत मसकरे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर में महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर से वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्री अवधेश पाण्डेय, सहायक लेखा अधिकारी श्री बाबूलाल मीणा, श्री सुमित कुमार एवं श्री मुकेश सैनी उपस्थित रहकर जीपीएफखातों से संबंधित समस्याओं का निराकरण करेंगे।

जिला कोषालय बालाघाट, सिवनी एवं मंडला के अंतर्गत आने वाले सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) तथा कर्मचारियों से शिविर की जानकारी व्यापक रूप से साझा करने का आग्रह किया गया है। जिन कर्मचारियों के जीपीएफ खातों में कटौतियां मिसिंग हैं अथवा अप्रविष्ट मदों की समस्या है, उन्हें संबंधित डीडीओ कार्यालय के लिपिक के साथ शिविर में उपस्थित होकर अपनी शिकायतों का निराकरण कराना होगा। शिविर में आने वाले कर्मचारियों को सामान्य भविष्य निधि कटौती पत्रक (जीपीएफ डिडक्शन शेड्यूल), संबंधित महीनों के वेतन देयक, चालान की प्रति तथा कैशबुक एवं बिल रजिस्टर की प्रमाणित प्रतियां साथ लाना अनिवार्य होगा। महालेखाकार कार्यालय द्वारा गुमशुदा कटौतियों, निष्क्रिय खातों एवं अप्रविष्ट मदों की चेकलिस्ट भी उपलब्ध कराई जा रही है।

इसके आधार पर संबंधित डीडीओ अथवा उनके कार्यालय के जीपीएफरिकॉर्ड देखने वाले लिपिकों को आवश्यक जानकारी एवं मूल अभिलेखों के साथ शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर के दौरान जीपीएफ के अंतिम भुगतान प्रकरणों में बरती जाने वाली सावधानियों एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों की जीपीएफसंबंधी समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा
तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट

।। ईश्तेहार ।।

रा.प्र.क्र.0010/ड-154(1)/वर्ष 2026-27
मौजा उकवा तहसील परसवाड़ा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम उकवा तहसील परसवाड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा कुमार पिता दशरथ जाति बनिया निवासी ग्राम उकवा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेख कर बताया है कि अपने पुत्र सत्यम पिता कृष्णा की जन्मतिथि 10.08.2009 को ग्राम उकवा में जन्म होने से जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति नियत पेशी दिनाँक 19/06/2026 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनाँक भुगत जाने के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनाँक 12/06/2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया है।

जारी दिनाँक 12/04/2026
नियत दिनाँक 19/01/2026

नायब तहसीलदार
उकवा

न्यायालय अपर कलेक्टर बैहर,
जिला-बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक/29/अति.
कले./वि.अधि./2026

बैहर,
दिनाँक 21/05/2026

।। सार्वजनिक-सूचना ।।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण की सूचित किया जाता है कि आवेदकगण निलेश कुमार पंचतिलक पिता श्री कमलेश पंचतिलक उम्र 20 वर्ष जाति मरार निवासी मण्डेरी तहसील बैहर जिला बालाघाट म.प्र. एंव अंजू मरकाम पिता सुद्धन मरकाम उम्र 22 वर्ष जाति गोंड निवासी पोला तहसील बैहर जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा-5 के अंतर्गत द्वितीय अनुसूची में उल्लेखित प्रारूप में आशयित विवाह की सूचना / आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है। उक्त आशयित विवाह की सूचना की एक प्रति इस इश्तेहार के साथ संलग्न प्रेषित है। उक्त प्रकरण की नियत सुनवाई दिनांक 11/06/2026 नियत है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ जनसाधारण को आवेदकगणों के विवाह में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति स्वयं व अपने अभिभाषक के माध्य से इस न्यायालय के समक्ष नियत सुनवाई दिनांक 11/06/2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 21/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# गोंदिया ज़िला पानी की कमी की कगार पर, 66 प्रोजेक्ट्स में सिर्फ़ 12.48 प्रति. पानी का जलसाठा

**संग्रामपुर में सिर्फ़ 4.22 प्रति. पानी, सिंचाई का डिस्चार्ज रुका, खरीफ़ पर मंडरा रहे संकट के बादल..**

**मध्यम, छोटी और मालगुजारी तलाबो में साठा तेज़ी से कम हुआ है, प्रशासन ने पानी बचाने की अपील की..**

**15 जून तक बहुत कम बारिश रिकॉर्ड की गई, सिंचाई का डिस्चार्ज रुका, कई तलाबो मे डेड स्टोरेज की कगार पर..**



जगप्रेरणा आमगांव।

*मॉनसून के देर से आने और तेज़ गर्मी की वजह से गोंदिया ज़िले में पानी की स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। गोंदिया सिंचाई विभाग की 15 जून, 2026 को जारी की गई*

ऑफिशियल पानी स्टोरेज रिपोर्ट के मुताबिक, ज़िले में मध्यम, छोटी और स्थानिक की कुल 66 पानी प्रकल्पों में से सिर्फ़ 12.48 प्रतिशत में ही एवरेज काम का पानी स्टोरेज है और कई प्रकल्प में पानी का लेवल खतरनाक रूप से गिर गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जिले के सभी प्रोजेक्ट्स की कुल डिज़ाइन कैपेसिटी 110.521 मिलियन क्यूबिक मीटर है और अभी सिर्फ़ 13.798 मिलियन क्यूबिक मीटर इस्तेमाल करने लायक पानी का स्टोरेज बचा है। पीने के पानी की ज़रूरत को देखते हुए, प्रशासन ने मौजूद स्टोरेज का कम इस्तेमाल करने की अपील की है। मध्यम प्रकल्प में हालात काफ़ी ठीक-ठाक, फिर भी चिंताजनकः जिले के 9 मध्यम प्रकल्प की कुल डिज़ाइन कैपेसिटी 99.75 मिलियन क्यूबिक मीटर है और अभी 20.18 मिलियन क्यूबिक मीटर (20.24 परसेंट) इस्तेमाल करने लायक पानी का स्टोरेज मौजूद है। बड़े मीडियम प्रोजेक्ट्स में, चुलबंद प्रोजेक्ट में सबसे ज़्यादा 36.84 परसेंट स्टोरेज मौजूद है, इसके बाद बोदलकासा प्रोजेक्ट में 27.08 परसेंट, रेंगेपार में 23.70 परसेंट, खैरबंदा में 15.22 परसेंट, मानगढ़ में 15.26 परसेंट, और चोरखमारा प्रोजेक्ट में 13.16 परसेंट स्टोरेज मौजूद है। लेकिन, संग्रामपुर मीडियम प्रोजेक्ट की हालत बहुत खराब है और सिर्फ़ 4.22 परसेंट इस्तेमाल करने लायक पानी बचा है। इस वजह से, भविष्य में इलाके के गांवों में पानी की कमी की समस्या पैदा होने की संभावना जताई जा रही है। छोटे प्रोजेक्ट्स की हालत खराबः जिले में 20 छोटे प्रोजेक्ट्स की कुल कैपेसिटी 64.566 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जिसमें से अभी सिर्फ़ 6.515 मिलियन क्यूबिक मीटर (10.11 परसेंट) इस्तेमाल करने लायक पानी ही मौजूद है।

कुछ प्रोजेक्ट्स में पानी का स्टोरेज डेड स्टोरेज के करीब पहुंच गया है और मुंडीपार, पलासगांव, पालडोंगरी वगैरह प्रोजेक्ट्स में पानी का लेवल रिपोर्ट में बताया गया है। पहले की कार्गो झीलों में सिर्फ़ 8.15 परसेंट पानीः जिले में 36 पहले की कार्गो झीलों की कुल कैपेसिटी 24.194 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जिसमें से सिर्फ़ 1.988 मिलियन क्यूबिक मीटर (8.15 परसेंट) पानी बचा है। इवैपोरेशन रेट बढ़ने की वजह से ग्रामीण इलाकों की कई झीलों में पानी का लेवल तेज़ी से कम हो रहा है। लीकेज, इवैपोरेशन और कम बारिश का असरः कोंकण में अर्जुनी मोरगांव तालुका, सड़क अर्जुनी तालुका के खड़ीपार, साथ ही गोरेगांव तालुका के टेढ़ा और तड़गांव इलाकों में पानी का भंडार तेज़ी से कम हो रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि लेंधेजरी, मुंडीपार, पलासगांव और पालडोंगरी प्रोजेक्ट्स में इवैपोरेशन के साथ-साथ पानी के चैनलों में लीकेज का मौजूद भंडार पर बड़ा असर पड़ा है। सालेकसा तालुका के खेड़ेपार और आमगांव तालुका के घट्टेमनी बांधों में इस्तेमाल करने लायक भंडार लगभग खत्म हो गए हैं।

**बारिश का इंतज़ार जारी;** खरीफकी बुआई संकट मेंः 1 जून से शुरू हुए मौजूदा सीजन में जिले में ज़्यादातर जगहों पर बारिश का रिकॉर्ड बहुत कम रहा है। हालांकि कुछ इलाकों में मामूली बारिश हुई है, लेकिन यह पानी का भंडार बढ़ाने के लिए काफी नहीं है। अगर मानसून एक्टिव नहीं हुआ, तो आने वाले कुछ दिनों में पीने के पानी और खेती के लिए ज़रूरी पानी की उपलब्धता के मामले में गंभीर समस्याएँ पैदा हो सकती हैं। किसानों को डर है कि बारिश की कमी के कारण खरीफ सीजन की बुवाई में देरी होगी।

**सिंचाई का पानी रुकाः** मौजूदा हालात के कारण, जिले के ज़्यादातर प्रोजेक्ट्स से नहरों के ज़रिए सिंचाई का पानी पूरी तरह से रुक गया है। प्रशासन ने उपलब्ध पानी के रिज़र्व को मुख्य रूप से पीने के पानी के लिए रिज़र्व करने का फ़ैसला किया है। सिंचाई विभाग ने नागरिकों से पानी का कम इस्तेमाल करने की अपील की है और अनुमान है कि अगर अगले कुछ दिनों में भारी बारिश नहीं हुई तो जिले में पानी की स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी।

# ग्लोब कंप्यूटर एज्युकेशन सालेकसा का वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम संपन्न..



जगप्रेरणा सालेकसा।

*विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ उन्हें उचित करियर की दिशा मिल सके, इस उद्देश्य से ग्लोब कंप्यूटर एज्युकेशन सालेकसा की ओर से वार्षिक स्नेह सम्मेलन*

एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन श्री अर्धनारीश्वरालय, हलबीटोला स्थित सभागृह में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश वैद्य सर ने की। इस अवसर पर प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में मिलिंद रंगारी सर ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं पालकों को करियर चयन के संदर्भ में गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। बदलते तकनीकी युग में कंप्यूटर शिक्षा का महत्व, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर के अवसर तथा विद्यार्थियों को भविष्य की सफलता के लिए किन-किन बातों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, इस विषय पर उन्होंने मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले तथा विद्या की देवी माता सरस्वती की प्रतिमाओं का पूजन कर की गई।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र राज्य मराठी पत्रकार संघ के तालुकाध्यक्ष विजय मानकर सर, पत्रकार संघ के कोषाध्यक्ष प्रा. गणेश भदाड़े सर, पत्रकार संघ के सचिव युवा पत्रकार पवन पाथोड़े, ग्लोब कंप्यूटर एज्युकेशन के संचालक मधुकर हरिनखेड़े, माइक्रोप्रो कंप्यूटर सकरीटोला के संचालक मनोज शरगनागत, गुरुकुल कंप्यूटर के संचालक दिनेश कावरे सहित सीमा हरिनखेड़े, नूरसिंह हरिनखेड़े, कंचन हरिनखेड़े, मंजू हरिनखेड़े, उर्वशी रहांगडाले, अंजू चकोले, एल.एफ नमन डोंगरे, सरस्वती खंडाये, स्वाती मारवाडे, विजय लीलहारे, नम्रता पटले, रागिनी बोपचे आदि गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों की सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान गुणवंत विद्यार्थियों एवं उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का सुंदर संचालन भावना पटले ने किया, जबकि उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं विद्यार्थियों का आभार नमन डोंगरे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्लोब कंप्यूटर एज्युकेशन के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने विशेष परिश्रम किया।

# मासिक कवि गोष्ठी को यादगार बनाया कवियों ने, भिन्न भाषी साहित्य मंडल का उत्कृष्ट आयोजन..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*भिन्न भाषी साहित्य मंडल की मासिक कवि गोष्ठी की प्रतिमाह जारी श्रंखला निर्बाध गति से प्रारंभ रहे,उसे हम सभी का हमेशा सहयोग रहेगा क्योंकि, शहर में एकमात्र यह संस्था है*

जिसने नये पुराने रचनाकारों को जोड़ कर रखा है एवं सदैव प्रोत्साहित किया है। मासिक कवि गोष्ठी के माध्यम से नये कवियों रचनाकारों को नया लिखने की प्रेरणा मिलती है ऐसे उद्गार एक स्वर में नये पुराने कवियों ने व्यक्त किये। अवसर था भिन्न भाषी साहित्य मंडल की जून माह की मासिक कवि गोष्ठी का जिसमें मंडल के संयोजक वरिष्ठ कवि श्री शशि तिवारी ने मासिक श्रंखला की जगह विशेष अवसरों पर संस्था द्वारा कवि गोष्ठी का प्रस्ताव रखा जिसपर समवेत स्वरों में सभी ने मासिक कवि गोष्ठी का क्रम निर्बाध गति से जारी रखने एवं अपना सहयोग बनाये रखने की मंशा व्यक्त की।

14 जून रविवार को ओबीसी रेलवे कर्मचारी असोसिएशन कार्यालय, रेलवे स्टेशन के पास आयोजित मासिक कवि गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था की सलाहकार समिति के वरिष्ठ सदस्य पं. बजरंग लाल शर्मा ने की। बतौर प्रमुख अतिथि सेवानिवृत्त अध्यापक वरिष्ठ कवि श्री गणेश प्रसाद इसरका एवं मंच संचालक कवि गीतकार श्री संतोष सिंह नैकाने मंच पर उपस्थित थे। मां सरस्वती के तैलचित्र का अतिथियों एवं उपस्थितों द्वारा पूजनोपरांत अतिथि स्वागत संस्था के सह सचिव श्री निखिलेशसिंह यादव, उपाध्यक्षद्वय श्री प्रकाश मिश्रा, श्री छगन पंचे छगन, सदस्य श्री रोमेन्द्र बोरकर ने किया।

वरिष्ठ कवि गीतकार श्री शशि तिवारी के मधुर स्वरों में वीणापाणी मां शारदा की वंदना से कवि गोष्ठी का आगाज हुआ जिसमें सहभागी कवियों ने काव्य की विविध विधाओं में अपनी प्रस्तुति से लाजवाब समा बांधा एवं गोष्ठी को चिरस्मरणीय बना दिया। हमेशा की तरह कवि गोष्ठी में पहली बार शामिल कवि डा. हरीश कुमार खत्री एवं अनूप हरिणखेड़े का संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा स्नेहिल स्वागत किया गया। गोष्ठी के आरंभ में ही काव्य मंच के सशक्त हस्ताक्षर श्री निखिलेशसिंह यादव ने अपने दोहों एवं मुक्तकों के माध्यम से गरिमामय वातावरण निर्माण किया।

पश्चात अन्य उपस्थित कवियों में सर्वश्री किशोर कुमार मलेवार (अध्यक्ष, वृक्षवेल राज्य स्तरीय साहित्य मंच), तिरोडा, रोमेन्द्र बोरकर, विजय मेश्राम, संजय बिसेन, उभरते हस्ताक्षर अनूप हरिणखेड़े, कवयित्री शालू कृपाले,डा. हरीश कुमार खत्री, मनोज बोरकर मुसव्विर,डा. नरेश आर गुप्ता, चन्द्रप्रकाश बनकर, चिरंजीव बिसेन, किशनलाल सिंह किशन, छगन पंचे छगन, प्रकाश मिश्रा, गणेश प्रसाद इसरका, शशि तिवारी एवं संतोष सिंह नैकाने ने गीत, ग़ज़ल, व्यंग्य, मुक्तक एवं मर्मस्पर्शी रचनाएँ सुनाकर श्रोताओं का दिल जीत लिया तथा खूब तालियाँ पिटवाई। अध्यक्षीय संबोधन में पं. शर्मा ने संस्था में दिन- प्रतिदिन नव हस्ताक्षरों की उपस्थिति पर खुशी जाहिर की।

इस प्रसंग पर कवि किशोर कुमार मलेवार ने सभी लोगों को अपनी ओर से पपीता, ईमली व अन्य बीजों का पौधारोपण हेतु वितरण किया।कवि गोष्ठी का कुशल एवं सारगर्भित संचालन कवि श्री संतोष सिंह नैकाने, आरंभिक कार्यवाही का संचालन श्री शशि तिवारी एवं आभार प्रदर्शन सचिव श्री मनोज एल जोशी ने किया। सर्वश्री विजय व्यास, पं. कन्हैयालाल तिवारी, अशोक शुक्ला, पंकज राणा, आदि उपस्थित थे। रेड्डी, हर्षल ईश्वरकर ने व्यवस्था में सहयोग किया।

# कांग्रेस लोगों के दरवाज़े पर, ज़िला अध्यक्ष अमर वराडे का आमगांव तालुका में जनसंपर्क दौरा..

**गांवों में कार्यकर्ताओं से सीधी बातचीत; संगठन को मज़बूत करने और लोगों के मुद्दों को सुलझाने पर ध्यान..**

**'राहुल गांधी का डरो मत संदेश ज़मीनी स्तर तक पहुंचाया जाना चाहिए' - अमर वराडे..**





जगप्रेरणा आमगांव।

*गोंदिया ज़िला कांग्रेस कमेटी के नए नियुक्त ज़िला अध्यक्ष अमर वराडे ने कार्यभार संभालने के बाद, लोगों से सीधे बातचीत करने के मकसद से आमगांव तालुका का एक बड़ा जनसंपर्क और कार्यकर्ता सभा दौरा किया।*

इस दौरे के दौरान, उन्होंने अलग-अलग गांवों का दौरा किया और कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक ढांचे का जायज़ा लिया, कार्यकर्ताओं से बातचीत की और नागरिकों की समस्याओं को जानकर पार्टी को और मज़बूत बनाने का अपना इरादा ज़ाहिर किया। जिला अध्यक्ष अमर वराडे का तालुका के ठाणा, जांभुरटोला, अंजोरा, बोरकन्हार, आमगांव नगर परिषद क्षेत्र, शंभुटोला, कट्टीपार, घाटटमेनी, करंजी, कटुरली और सितेपार गांवों में ज़ोरदार स्वागत किया गया।

हर जगह स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए, उन्होंने उन्हें संगठन को बढ़ाने, बूथ लेवल पर काम करने और आने वाली राजनीतिक रणनीति पर मार्गदर्शन किया। आमगांव में कार्यकर्ताओं की खास सभाः दौरे के दौरान, आमगांव नगर परिषद के सांसद नामदेवराव किरसान के जनसंपर्क कार्यालय में कार्यकर्ताओं की एक खास मीटिंग हुई। इस मीटिंग में आने वाले राजनीतिक घटनाक्रम, संगठन की पहल, लोगों की ज्वलंत समस्याओं और कांग्रेस पार्टी की आगे की दिशा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर, कार्यकर्ताओं ने लोकल लेवल के अलग-अलग मुद्दों, विकास के कामों और जनता के हित के मुद्दों पर अपने विचार रखे। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की बात शांति से सुनी और सभी से पार्टी संगठन को और ज़्यादा गतिशील बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपील की।

'डरो मत' के संदेश के साथ काम करेंः इस मौके पर मार्गदर्शन देते हुए जिला अध्यक्ष अमर वराडे ने कहा, 'जिला अध्यक्ष के तौर पर मेरी ज़िम्मेदारी सिर्फ़ पार्टी संगठन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की समस्याओं को जानना और उन तक पहुँचना भी उतना ही ज़रूरी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बिना किसी दबाव या डर के राहुल गांधी का 'डरो मत' का संदेश जनता तक पहुँचाना चाहिए। हमारा मुख्य लक्ष्य लोगों में विश्वास पैदा करना, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना और कांग्रेस की विचारधारा को ज़मीनी स्तर पर आखिरी व्यक्ति तक पहुँचाना है।'

उनके साफ़और प्रेरणा देने वाले रुख ने वहाँ मौजूद कार्यकर्ताओं में एक नया जोश भर दिया। इस दौरे के दौरान, राज्य प्रतिनिधि पी. जी. कटरे तालुका कांग्रेस अध्यक्ष संजय बहेकिर, सासंद प्रतिनिधि दुष्यंत किरसान, ज़िला परिषद सदस्य छबुताई उके, महिला ज़िला उपाध्यक्ष प्रभादेवी उपराड़े, शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवकांत बहेकार, बाबा मिश्रा, दिलीप टेंभरे, यादोराव भोयर, रामेश्वर श्यामकुवर, जगदीश चुटे, भोला गुप्ता, राधाकिसन चुटे, पिंकेश शेंडे, राधेलाल रहांगडाले, राहुल चुटे, तपिस परिहार, समीर खान और कई कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद थे।

अमर वराडे के दौरे से आमगांव तालुका में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नए जोश का माहौल बना है और ऐसा लग रहा है कि पार्टी संगठन में नई जान आ गई है। इस मौके पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भरोसा जताया कि कांग्रेस पार्टी लोगों के मुद्दों पर लगातार लड़ते हुए और भी अच्छे से और असरदार तरीके से काम करेगी।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि जिला अध्यक्ष अमर वराडे का यह दौरा सिर्फ़ एक संगठनात्मक दौरे तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों की भावनाओं को समझने, कार्यकर्ताओं को मज़बूत करने और कांग्रेस की विचारधारा को ज़मीनी स्तर पर फैलाने की एक अहम पहल थी। कार्यक्रम संचालन भोला गुप्ता जबकि शहर अध्यक्ष देवकांत बहेकार ने आए हुए लोगों का आभार किया।

## खेत से धान के बोरे चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/6/2026 से 10/6/ 2026 के दरम्यान देवरी मे फर्यादी डिगेश्वर पुरणलाल माहुले उम्र 30 वर्ष निवासी देवरी ने अपने खेत मे धान रखा था। घटना के दरम्यान अज्ञात चोर ने रखे धान मे से 20 क्विंटल धान किमत 36 हजार रुपये का चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 337/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ सचिन नारायण टेंभुर्णीकर 317 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

## घर के पोर्च से मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/5/2026 के रात करटी बुर्ज मे फर्यादी निशांत संजय पटले उम्र 28 वर्ष निवासी करटी ने अपने पोर्च मे गाडी रखी थी। सुबह उसकी मां उठी तो देखा की मोटरसायकल होंडा क्रमांक एम एच 35 एयु 4218 नही थी। इधर उधर गाव मे पुछने से नही मिलने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 600/2025 धारा 303,2, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा नामुर्ते 1194 पोस्टे तिरोड़ा कर रहे है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### घर नही छोड़ने की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/6/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान फर्यादी अनिल बालकृष्ण मेश्राम उम्र 45 वर्ष निवासी मानेगाव का भाई अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था। आरोपी ने कहा मुझे मेरे घर छोड़ दे फर्यादी के भाई ने कहा मै नही छोड़ता तो आरोपी ने गालीगलोच कर झगडा किया फर्यादी झगडा छुड़ाने गया तो उसे इटे से मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 423/2026 धारा 118, 1, 115, 2, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा गजपुरे 02 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

### तु मेरे 10 हजार रुपये दे बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/6/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान किडंगीपार मे फर्यादी विशाल शंकर टेंभरे उम्र 24 वर्ष निवासी किंडगीपार अपने परिवार के साथ घर पर थे। जहा आरोपीयो ने घर आकर स्कार्पियों गाडी के विवाद मे कॉलर पकडकर मेरे 10 हजार रुपये दे बोलकर मारपीट की और गाली गलौच करते हुवे आगे देख लेने की धमकी देने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे गंगाझरी मे अपराध क्रमांक 293/2026 धारा 332, क, 296,115, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सफौ अनिल पारधी 671 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया

मो. 9922607145

अंकुर टेस्ट ट्यूब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्यूब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 मंगलवार 16 जून 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## पंकज यादव के चकाजाम आंदोलन की चेतावनी के आगे झुकी नगर परिषद..

# मुख्य नगर परिषद अधिकारी बोरकर ने स्वयं पंकज यादव के साथ अंडर ग्राउंड पुलिया का किया निरीक्षण..

### बारिश में जल निकासी के उपायों पर तुरंत काम शुरु करने का किया वादा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***शिवसेना उबाठा के जिला प्रमुख व नगर सेवक (पार्षद) पंकज यादव ने नगर परिषद को अंडर ग्राउंड पुलिया के बारिश के दिनों में भर जाने एवं आने जाने का मार्ग पूरी तरह से बाधित होने की स्थिति का निराकरण नहीं करने के चलते नाराजगी के साथ ही 16 जून चकाजाम***

आंदोलन की चेतावनी दी थी, जिसका असर यह हुआ कि चकाजाम आंदोलन के एक दिन पहले नगरर परिषद के मुख्य नगर परिषद अधिकारी श्री बोरकर ने अंडर ग्राऊंड पुलिया के चारों ओर का निरीक्षण करते हुए जलनिकाली के संदर्भ में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ तथा स्वयं पंकज यादव की उपस्थिति में समीक्षा की, तथा तुरंत ही संपूर्ण साफ सफाई करते हुए चारों ओर से जल निकाली के लिये नालों की मरम्मत करने का भी वादा किया। गौरतलब है कि अंडरग्राउंड रास्ता जो शहर के दो भागों को जोड़ता है। पिछले चार सालों से अंडर ग्राऊंड पुलिया ही एक मात्र मार्ग है, क्योंकि विश्राम गृह के सामने से होकर इंदिरा गांधी स्टेडियम को जोड़ने वाला पुल अभी तक निर्माणाधीन अवस्था में ही है, तथा इस पुराने ओवरब्रीज के नहीं बन पाने के कारण रेल टोली से मुख्य बाजार को की ओर आने जाने के लिये सिर्फ एकमात्र अंडरग्राऊंड मार्ग ही बचता है, जिसके तथा जरा सी बारिश में इस अंडरग्राऊंड की सड़क ही बड़े नाले के रुप में परिवर्तित हो जाती है, और आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। इसी के साथ अंडरग्राऊंड के समीप रहने वाले यादव चौक और रामनगर एरिया तक भी लोगों के घरों में तक नाले का पानी पहुंच जाता है, तथा यह परिस्थितियां नागरिकों के लिये मुश्किलों वाली होती है। इसी बात का नगर सेवक पंकज यादव ने नगर परिषद मुख्याधिकारी को ध्यान दिलाया, और कहा कि यदि तुरंत काम शुरु नहीं हुआ, और व्यापक प्रबंध नहीं किये गए, तो फिर इस स्थिति में चकाजाम आंदोलन से लेकर नगर परिषद में तालाबंदी तक जो भी जरुरी होगा, वह सभी आंदोलन करने के लिये वे मजबूर होंगे, लेकिन जनता को होने वाली समस्याओं को वे बर्दाश्त नहीं करेंगे। गौरतलब है कि अंडर ग्राऊंड पुलिया का कुछ भाग रेल विभाग के अंतर्गत आता है, जिससे कि नगर परिषद को इस कार्य को करने के लिये रेल विभाग से भी मदद की आवश्यकता होगी, तथा नगर परिषद अधिकारी रेल विभाग से भी मदद की मांग करते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों को काम पर लगाकर जल्द समस्या का समाधान करेंगे, ऐसा आश्वासन भी प्रदान किया।

पंकज यादव ने जगप्रेरणा से कहा कि वे आश्वान्वित है कि जिस तरह से मुख्य नगर परिषद अधिकारी श्री बोरकर ने स्वयं आकर अव्यवस्था को देखा है, उन्होंने इस बात को समझा है कि किस तरह से समस्या का समाधान होगा। पंकज यादव ने कहा कि हमने फिलहाल 16 जून का अपना चकाजाम आंदोलन मुख्य नगर परिषद अधिकारी के आश्वासन पर स्थगित किया है, लेकिन हम आश्वासन के जल्द से जल्द पूरा होने का अधिक इंतजार भी नहीं करेंगे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर श्री नवज्योत फाऊंडेशन द्वारा किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन




जगप्रेरणा गोंदिया।

***विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर श्री नवज्योत फाऊंडेशन, गोंदिया द्वारा होटल पैसिफिक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद के नगर सेवक बंटीभाऊ पंचबुद्धे, एसआईपी अबैकस के डायरेक्टर मयूरभाई त्रिवेदी, डॉ. अमित साबू तथा श्री नवज्योत फाऊंडेशन टीम के करकमलों द्वारा किया गया। शिविर में जीवन ज्योति ब्लड बैंक ने विशेष सहयोग प्रदान किया।***

इस अवसर पर 51 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। विशेष रूप से महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान किया, जो समाज में बढ़ती जागरूकता और सहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण रहा। वहीं 28 लोगों ने अंगदान हेतु पंजीकरण कर समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और जागरूकता का परिचय दिया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में रक्तदान एवं अंगदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इस पुनीत कार्य से जुड़ने का आह्वान किया। श्री नवज्योत फाऊंडेशन की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिथियों, रक्तदाताओं, अंगदान पंजीकरणकर्ताओं, जीवन ज्योति ब्लड बैंक तथा उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। फाऊंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि, रक्तदान महादान है। आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में नई आशा का संचार कर सकता है। विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित इस शिविर ने समाज में रक्तदान और अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया तथा मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में जनसहभागिता को नई प्रेरणा प्रदान की।

# स्टार इंटरनेशनल स्कूल, गोंदिया द्वारा अभिभावकों हेतु किया गया अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन..






जगप्रेरणा गोंदिया।


***स्टार इंटरनेशनल स्कूल, गोंदिया ने शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के नए सीबीएसई दिशा-निर्देशों तथा स्कूल के नियम एवं विनियमों को लेकर कक्षा 10 के अभिभावकों के लिए एक व्यापक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम***

प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ होकर 10:30 बजे समाप्त हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती शुभा पिल्लई एवं अकादमिक निदेशिका श्रीमती कविता नागराजन ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सोनाली नायडू मैडम द्वारा किया गया। अभिमुखीकरण सत्र के दौरान अभिभावकों को नए परीक्षा पैटर्न, समय की पाबंदी, अनुशासन तथा नियमितता संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं और अभिभावकों के विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया।

प्रधानाचार्या श्रीमती शुभा पिल्लई ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु सीबीएसई के विकसित ढांचे के अनुरूप शिक्षा प्रणाली को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। सुबह 11:00 बजे कक्षा 9 के अभिभावकों के लिए एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया गया। इसमें इस वर्ष सीबीएसई द्वारा लाए गए प्रमुख परिवर्तनों की जानकारी दी गई, जिनमें शामिल है। पाठ्यपुस्तकों में बदलाव। कॉम्पिटेन्सी बेस्ड लर्निंग (क्षमता-आधारित शिक्षा) की ओर संक्रमण। नये विषयों 'कौशल बोध' तथा 'कम्प्यूटेशनल थिंकींग' का समावेश दोनों सत्रों में अभिभावकों की भारी उपस्थिति दर्ज की गई। अधिकांश अभिभावकों ने कार्यक्रम से लाभान्वित होने की बात कही और स्कूल प्रबंधन द्वारा दी गई स्पष्ट जानकारी की सराहना की। यह अभिमुखीकरण कार्यक्रम स्टार इंटरनेशनल स्कूल की अभिभावकों के साथ पारदर्शी संवाद बनाए रखने तथा नवीनतम सीबीएसई दिशा-निर्देशों के अनुरूप शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों के समग्र विकास की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित करता है।

# गोंदिया में 17 जून 2026 को धुमधाम से मनायी जायेगी महाराणा प्रताप जयंती..

जगप्रेरणा गोंदिया।




***भारत के महान राजपूत योद्धा वीर शिरोमणी महाराणा प्रतापसिंह की जयंती ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि (17 जून बुधवार) को महाराणा प्रताप मेमोरियल संस्था एवं समस्त राजपूत***

समाज द्वारा गोंदिया जिले में धुमधाम से मनाई जाएगी। वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जी की जयंती उत्सव का आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी किया गया है, जिसमें सर्वप्रथम शाम 4 बजे सर्व समाज बंधुओं द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया है।

रैली शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण कर महाराणा प्रताप उद्यान रेल टोली में समाप्त होगी। समाज की महिलाओं द्वारा रैली का स्वागत किया जाएगा, तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल में भजन संध्या का कार्यक्रम साथ ही 10 वी, 12 वी में उतीर्ण एवं विशेष स्थान प्राप्त किए हुए विद्यार्थियों का सत्कार समारोह कार्यक्रम उपरांत महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। महाराणा प्रताप मेमोरियल संस्था ने सभी समाज बंधुओं से बाइक रैली एवं समस्त कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में तथा सपरिवार उपस्थिति का आग्रह कर समाज की एकता का परिचय देने की अपील की है। उक्त जानकारी राजपूत समाज की ओर से सुप्रीत सिंह बैस द्वारा दी गई।

# पेट्रोल, डीजल, गैस के भाव कम कर सरकार जनता को राहत दे - छैलबिहारी अग्रवाल



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया के विदर्भ वादी वरिष्ठ नेता छैलबिहारी अग्रवाल ने मोदी सरकार से मांग की है कि चूंकि एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के भाव में काफी गिरावट हुई है। जो क्रूड***

ऑयल 150 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया था वह 84 डॉलर प्रति बैरल हो गया है, इसलिए अब सरकार को तुरंत बढ़े हुए भाव को वापस लेते हुए आम जनता को राहत देने का कार्य करना चाहिए। छैलबिहारी अग्रवाल ने सरकार से यह भी मांग की कि देश में अलग-अलग राज्यों में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें अलग-अलग है, जबकि पूरे देश में इन आवश्यक वस्तुओं की एक ही कीमत होना चाहिए। अलग-अलग कीमतें होने से किसी राज्य को लाभ तो किसी राज्य को भारी नुकसान भी होता है, विशेष कर जो उद्योग और निर्माण एजेंसियां इन पदार्थों पर निर्भर करती है उनकी कीमतें भी इसके अनुरूप निर्भर होने से उन्हें प्रतिस्पर्धा में अनेक प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। छैलबिहारी अग्रवाल ने मांग की कि सरकार पूरे देश में समान भाव लागू करने की चेष्टा करते हुए पेट्रोलियम पदार्थो को जीएसटी के अंतर्गत लेकर आएऔर समान भाव की व्यवस्था लागू की जा सके।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

अब जन जन और गांव गांव तक प्रचार प्रसार हेतु
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ में शहरी एवं ग्रामीण भागों तक पॉम्पलेट वितरण का एकमात्र सेंटर..
पॉम्पलेटवाला प्रकाशन
नोट - सिंगल कलर एवं मल्टी कलर पॉम्पलेट प्रिंटिंग कार्य भी किया जाता है।
संपर्क - पांपलेटवाला प्रकाशन, सांई रोजगार, एन.एम.डी. कॉलेज के बाजू में, गोंदिया मो. 9922607145

# भाजयुमो कामठा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषितः नई ऊर्जा के साथ संगठन का विस्तार..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारतीय जनता युवा मोर्चा गोंदिया जिला अंतर्गत तालुका व मंडल युवामोर्चा के विस्तार व नई कार्यकारिणी गठन के तहत युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर पक्ष संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य***

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल के कुशल नेतृत्व पर किया जा रहा है। इसी विस्तार के उद्देश्य के तहत जारी की गई इस नई कार्यकारिणी में युवा कार्यकर्ताओं को प्रमुख पद देकर जिम्मेदारीयां सौंपी गई हैं।

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की कामठा मंडल की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष उमेशसिंह पंडेले के नेतृत्व पर घोषित की गई इस कार्यकारिणी में 78 युवा पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई टीम में 7 महामंत्री, 13 उपाध्यक्ष, 11 सचिव, 13 कोषाध्यक्ष, 8 सह सचिव, 2 सोशल मीडिया प्रमुख, 3 क्रीड़ा प्रमुख और 20 सदस्यों को मौका मिला है। संगठन का मुख्य लक्ष्य आगामी चुनावों में युवाओं को जोड़ना और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना है। इस नई नियुक्ति को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कामठा मंडल की आयोजित बैठक में नए युवाओं को मौका देकर पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान कर पक्ष के उद्देश्यों को जन जन तक पहुँचाकर उन्हें शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने सहयोगात्मक कार्य करने की अपील की। इस बैठक के दौरान युवामोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, अभय मानकर, पृथ्वीराज सिंह नागपुरे, कामठा मंडल अध्यक्ष उमेशसिंह पंडेले, रितेश हेमने, ललित तावाड़े, मिलन पाथोड़े, कुलदीप पटले, कार्तिक हेमने, सतीश जगने, गोपाल दोनोडे, महेश पटले, परमानंद खोब्रागडे, रंजीत गायधने, सुभाष गायधने, राकेश तावाड़े सहित अनेक युवा पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com